

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 10 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-103 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की रणनीति पर चर्चा

**रायपुर,10 जुलाई।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम हॉल में हो रही है। इसमें प्रदेशभर से 1500 से ज्यादा नेता शामिल हैं। मीटिंग में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव पर रणनीति के साथ ही संगठन पर भी बात हो रही है। इसके अलावा लोकसभा और विधानसभाओं में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर बात की जाएगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, ष्टरू साय, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश, सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री रामविचार नेताम समेत 1500 से अधिक पदाधिकारी मौजूद रहे.

### लता उसेंडी अब बन जाएंगी मंत्री
#### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिया संकेत

**रायपुर,10 जुलाई।** विष्णुदेव मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के उस बयान ने सियासी हलचल मचा दी है, जिसमें उन्होंने लता उसेंडी को मंत्री बनाए जाने का जिक्र किया है. दरअसल भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक में अपने संबोधन के दौरान खट्टर ने मंच में बैठी लता उसेंडी को लेकर कहा कि 2003 में वह कोंडागांव से विधायक बनी थी. अभी मंत्री हैं। इस पर उन्हें टोका गया. इसके बाद उन्होंने कहा कि अभी तक मंत्री नहीं बनी है तो अब बन जाएंगी मंत्री हैं. मौके की नजाकत को भांपते हुए खट्टर ने तुरंत कहा, मंत्री बनने की बात से उत्साह आया होगा.इसके बाद लता उसेंडी ने खड़े होकर खट्टर का अभिवादन किया। बता दें कि साय कैबिनेट में फिलहाल दो मंत्री पद रिक्त हैं. एक पद पहले से रिक्त था और दूसरा पद बृजमोहन अग्रवाल के सांसद चुने जाने के बाद दिए गए उनके इस्तीफे से रिक्त हुआ है.

## संक्षेप

### राहुल गांधी के खिलाफ याचिका पर वकील को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस सासंद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाली को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने वाले लखनऊ के वकील अशोक पांडे को कोर्ट ने जमकर फटकार लगा दी। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस गवई ने राहुल पर लगाए गए जुर्माने को भी वापस लेने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने वकील अशोक पांडे को फटकार लगाते हुए कोर्टरूम से बाहर जाने तक को कह दिया। जस्टिस ने कहा कि 'आप जाते हैं या फिर मार्शल बुलाऊं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में वकील पांडे की अर्जी को खारिज कर दिया था और उन पर एक लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया था। इसके बाद उन्होंने फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाया और जुर्माना वापस लेने का अनुरोध किया। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (9 जुलाई) को इस मामले में सुनवाई। इस दौरान जस्टिस गवई ने न सिर्फ जुर्माना वापस लेने से इनकार किया, बल्कि वकील अशोक पांडे को बुरी तरह से फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान कोर्टरूम का माहौल ऐसा बिगड़ गया कि जस्टिस ने वकील को चेतावनी तक दे डाली। जब वकील अशोक पांडे अपनी दलीलें रख रहे थे तो जस्टिस गवई नाराज हो गए। उन्होंने कहा, ÷अगर आपने एक शब्द भी कहा तो हम आपके खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। आपको इतनी सारी याचिका दायर करने से पहले 100 बार सोचना चाहिए था।

### इनामी महिला नक्सली ढेर, विस्फोटक व हथियार बरामद

**कांकेर,10 जुलाई।** जिले के नक्सल प्रभावित इलाके छोटे बेठीया में मंगलवार को हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में जवानों ने एक महिला नक्सली को मार गिराया है. जवानों ने घटनास्थल से सर्च ऑपरेशन के दौरान महिला नक्सली का शव, हथियार और नक्सलियों का बड़ी मात्रा में दैनिक सामान भी बरामद किया है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मारी गई महिला नक्सली माओवादी संगठन में PLGA कंपनी नंबर-5 की सदस्य थी. हालांकि, अभी उसकी पहचान नहीं हो पाई है. इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने का दावा भी पुलिस के आला अधिकारियों ने किया है.

### बैग में मिले इंसान के कटे पैर, मचा हड़कंप

**कोरबा,10जुलाई।** पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोपालपुर स्थित डेम में उस समय हड़कंप मच गया जब लोग दिशा मैदान के लिए गए हुए थे। डेम के पास रखे एक बैग पर उनकी नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। लोगों ने देखा कि बैग में इंसान के दो कटे हुए पैर थे। इसकी सूचना तत्काल पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मामले में संभावना जताई जा रही है कि हत्यारे ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश की है। पुलिस ने आस-पास के इलाके में छानबीन शुरू कर दी है। जिस तरह से हत्यारे ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश की है इससे यह साफ है कि पुलिस से बचने के लिए सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया है।

### निलंबित IAS रानू साहू की जमानत याचिका खारिज

रायपुर। कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस रानू साहू की जमानत को लेकर बड़ा खबर आ रही है। कोर्ट ने रानू साहू की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। कोयला घोटाले में जेल बंद दीपेश टांक को सुप्रीम कोर्ट ने राहत के बाद मंगलवार शाम रिहा कर दिया गया।

#### 41 साल बाद वियना में भारतीय पीएम

## द्विपक्षीय साझेदारी के व्यापक आयामों पर चर्चा

**वियना,10 जुलाई।** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच दोस्ती आने वाले समय में और भी मजबूत होगी क्योंकि वियना में उनका रेड कार्पेट स्वागत किया गया, जो 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की पहली यात्रा थी। रूस की दो दिवसीय यात्रा के बाद वियना हवाई अड्डे पर पहुंचे मोदी का ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग ने स्वागत किया। बाद में प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया जब उन्होंने बुधवार को अपनी आधिकारिक वार्ता से पहले एक निजी रात्रिभोज के लिए ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया और ऑस्ट्रियाई चांसलर को पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेते हुए भी देखा गया।

प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए ऑस्ट्रियाई चांसलर का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह कल हमारे बीच होने वाली वार्ताओं को लेकर उत्सुक हैं। हमारे देश पूरी दुनिया की भलाई के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। मोदी ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि चांसलर कार्ल नेहमर, वियना में आपसे मिलकर खुशी हुई। भारत-ऑस्ट्रिया के बीच मजबूत मित्रता है जो आने वाले समय में और प्रगाढ़ होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर से मुलाकात करते हुए कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच प्रगाढ़ मित्रता है जो आने वाले वक्त में और मजबूत होगी। दोनों नेताओं के बीच आज आधिकारिक तौर पर बातचीत होगी जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी के व्यापक आयामों पर चर्चा होगी।

पीएम ने भारतवंशी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। ऑर्केस्ट्रा का नेतृत्व करने वाले विजय उपाध्याय ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इस ऑर्केस्ट्रा में कुल 50 लोग शामिल थे। विजय उपाध्याय ने कहा कि मैं ऑस्ट्रिया के इस कॉलेज में आया और अब मैं वियना यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग का निर्देशन करता हूं। पीएम मोदी के सामने प्रदर्शन करने की तैयारियों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहला काम जो मैंने किया, वह यह था कि हमें क्या करना है।




## राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छग का होगा तेजी से विकास : मनोहर लाल

**रायपुर,10 जुलाई।** केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने आज अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास व जनसुविधाएं विकसित करने किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार के बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक सुधारवादी कदम उठाएं जा रहे हैं। जनआकांक्षाओं के अनुरूप काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने बैठक में कहा कि लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूर्ण उपयोग करने को कहा। राज्य में जिस तेजी से काम होंगे, उसी तेजी से भारत सरकार द्वारा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में विकास योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार की ओर से कोई कठिनाई नही आएगी। दोनों बेहतर समन्वय से काम करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने बैठक में सुझाव दिया कि क्लिीन सिटी के तहत रायपुर को मिली 100 बसों का उपयोग नया रायपुर और रायपुर के बीच चलाने के लिए भी कर सकते हैं। उन्होंने विद्युत विभाग के अंतर्गत लाइन-लॉस को कम करने के लिए किए जा रहे कार्यों, स्मार्ट मीटर की स्थापना, विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में विद्युतीकरण और बिजली उत्पादन के लिए कोयला की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने आवासन एवं शहरी कार्यों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम ई-बस सेवा, स्मार्ट सिटी मिशन और राष्ट्रीय शहरी विकास मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि कार्यभार सम्भालने के एक माह के भीतर ही वे यहां विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

## डबल डेकर बस की टैंकर से टक्कर, 18 यात्रियों की मौत

**उन्नाव,10 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां डबल डेकर बस की टैंकर से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 18 यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 30 से अधिक घायल बताए जा रहे है। बस बिहार के सीतामढ़ी से दिल्ली जा रही थी। यह पूरी घटना बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव की है। जानकारी के मुताबिक, आगरा एक्सप्रेस वे पर दूध के कंटेनर में तेज रफ्तार बस पीछे से जा घुसी। इस घटना में 18 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में 14 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। जबकि 30 से ज्यादा यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। मौतों का तांडव देखकर ग्रामीण भी सहम गए। वहीं घटना की सूचना पर उन्नाव पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया के नेतृत्व में पुलिसकर्मी रेस्क्यू करने में जुटे हुए है।



### रायपुर सेन्ट्रल जेल का बंदी दिलचस्प तरीके से फरार

**रायपुर।** जेल प्रहरियों की लापरवाही और अनदेखी का एक बार फिर एक विचाराधीन बंदी ने फायदा उठाया है। कैदी प्रहरियों के आंखो में धूल झोंककर फरार हो गया है। मामला जिला अस्पताल का है जहां विचाराधीन बंदी को इलाज के लिए लाया गया था। फरार बंदी का नाम दिलीप चौहान है। उसपर पैसे के हेरफेर के संबंध में मामला दर्ज हुआ था। जानकारी के मुताबिक आरोपी बंदी दिलीप चौहान एक दवाई कंपनी में कैशियर था। इस दौरान उसने लाखों रुपये का हेरफेर करते हुए पैसे का गबन कर लिया था।

## 'मुस्लिम महिलाएं पति से ले सकती हैं गुजारा भत्ता'

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी- यह कोई दान नहीं, अधिकार है**

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के हक में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला पति से गुजारे भत्ता मांग सकती है। इसके लिए महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। शीर्ष अदालत ने बुधवार को महिलाओं के भरण पोषण पर एक बड़ी लकीर खींचते हुए कहा कि इसमें धर्म बाधा नहीं है। तेलंगाना की महिला ने भरण पोषण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में पति हाईकोर्ट में केस हार गया था।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि मुस्लिम महिला भरण-पोषण के लिए कानूनी अधिकार का इस्तेमाल कर सकती हैं। वो इससे संबंधित दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये धारा सभी विवाहित महिलाओं पर लागू होती है, फिर चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। मुस्लिम महिलाएं भी इस प्रावधान का सहारा ले सकती हैं। कोर्ट ने एक बार फिर कहा है कि मुस्लिम महिला अपने पति के खिलाफ धारा 125 सीआरपीसी के तहत भरण-पोषण के लिए याचिका दायर कर सकती है।



## पतंजलि को हाईकोर्ट ने फटकारा 50 लाख का जुर्माना भी लगाया

**मुंबई,10 जुलाई।** पतंजलि आयुर्वेद की कानूनी मुश्किलें जारी हैं। अब कपूर उत्पादों से जुड़े एक मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 50 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। अदालत ने आदेश का उल्लंघन करने के चलते ये ऐक्शन लिया है। दरअसल, उच्च न्यायालय में पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ था। यह मुकदमा भी कपूर प्रोडक्ट्स से जुड़ा हुआ था। 30 अगस्त 2023 को अदालत ने पतंजलि पर कपूर उत्पाद बेचने पर रोक लगा दी थी। अब अंतरिम आवेदन के जरिए कोर्ट को जानकारी मिली कि पतंजलि ने आदेश का उल्लंघन किया है। ताजा मामला की सुनवाई जस्टिस आरआई छागला कर रहे थे। उन्होंने पाया कि पतंजलि ने खुद ही अगस्त में आदेश जारी होने के बाद कपूर उत्पादों की सप्लाई की गई थी। कोर्ट ने आदेश में कहा, प्रतिवादी नंबर 1 की तरफ से 30 अगस्त 2023 के निषेधाज्ञा आदेश के बार-बार उल्लंघन को कोर्ट बर्दाश्त नहीं करेगी...। अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को आदेश जारी होने के एक सप्ताह के अंदर 50 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा है। खबर है कि कोर्ट के आदेश के बाद पतंजलि ने एक हलफनामा दिया था, जिसमें बगैर शर्त माफी मांगी गई थी और कोर्ट के आदेश के पालन की बात कही गई थी।

## राज्य की अनुमति के बिना सीबीआई जांच गलत: सुको

**सुनेंगे ममता सरकार की अर्जी**

**नई दिल्ली,10 जुलाई।** पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार की अनुमति के बिना ही सीबीआई के किसी मामले की जांच करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ममता बनर्जी सरकार के लिए राहत की खबर है। शीर्ष अदालत ने उसकी अर्जी को सुनवाई के योग्य माना है। इसके अलावा केंद्र सरकार की अर्जी को खारिज कर दिया है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया कि यह अर्जी सुनवाई के योग्य नहीं है। अदालत ने कहा कि बंगाल सरकार ने कानूनी पहलू उठाया है, जिस पर विचार किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अब अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की है। बेंच ने कहा कि यह मामला इस बात का है कि जब राज्य सरकार ने सीबीआई जांच के लिए दी गई अपनी सहमति को वापस ले लिया तो फिर एजेंसी वहां के मामलों में केस क्यों दर्ज कर रही है। इस तरह अदालत ने साफ कर दिया कि सीबीआई के लिए किसी भी राज्य में मामले दर्ज करने के लिए जरूरी है कि वहां की सरकार से इसकी परमिशन ली गई हो। अदालत ने कहा, इस मामले में सवाल यह है कि जब राज्य ने परमिशन वापस ले ली है तो फिर क्या सीबीआई केस दर्ज कर सकती है। क्या ऐसा करना दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेबलिशमेंट ऐक्ट के खिलाफ है।

#### एम.सी.मेरीकॉम की जगह गगन नारंग को शेफ डे मिशन नियुक्त किया गया

jasclaudius@gmail.com

## ओलंपिक खेलों में नेतृत्व,राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आधुनिक ओलंपिक खेलों में भाग लेने का अवसर मिलना एवरेस्ट फतह कर लेने से कम नहीं होता है। इसमें प्रतिभागी से लेकर प्रबंधक, प्रशिक्षक, भोजन विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और सपोर्ट स्टाफ तक शामिल होते हैं। किसी देश के किसी भी नागरिक के लिए गौरव की बात होती है कि उपरोक्त जिम्मेदारी के अलावा किसी को ध्वजवाहक महिला,किसी को ध्वजवाहक पुरुष की या फिर शेफ डे मिशन अर्थात ओलंपिक में भाग लेने वाले तथा उस देश की अगुवाई करने वाला व्यक्तित्व याने राष्ट्र का दल प्रमुख कहलाता है। भारत ने भले ही ब्रिटिश काल 1900 से ओलंपिक खेलों में भाग लेना आरंभ किया परंतु 1920 से जबसे भारत ने आधुनिक ओलंपिक खेलों में भाग लेना प्रारंभ किया है तब से ओलंपिक खेलों का गवाह है। कुछ अवसरों के अलावा ध्वजवाहक की भूमिका कोई ना कोई खिलाड़ी उठाता है। आधुनिक ओलंपिक खेलों में 1920 में एथलीट पूरना बेनर्जी, 1932 में हाकी खिलाड़ी लालशाह बोखारी,1936 में हाकी खिलाड़ी ध्यानचंद, 1948 में फुटबाल खिलाड़ी तालीमेरोन, 1952-1956 में हाकी खिलाड़ी बलवीर सिंह सीनियर, 1964 में एथलीट गुरवचन सिंह रंघावा, 1972 में मुक्केबाज डेसमंड नेविले और डेविन जौस,1984 में हाकी खिलाड़ी जफर इकबाल,1988 में पहलवान करतार सिंह,1992 एथलीट शाहनी विल्सन, 1996 में परगट सिंह, 2000 में टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, 2004 में एथलीट अंजू बॉबी जार्ज, 2008 में निशानेबाज राज्यवर्द्धन सिंह राठौर, 2012 में सुशील कुमार,2016 में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा रहे। 2020 से नई परंपरा आरंभ हुई जबकि महिला व पुरुष खिलाड़ी में से एक-



एक को ध्वज वाहक नियुक्त किया गया। 2020 में मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम,हाकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह जबकि 2024 के लिए महिला वर्ग से शटलर पी.व्ही सिंधु साथ ही पुरुष वर्ग से टेबल टेनिस खिलाड़ी कमल शरत को नियुक्त किया गया है। इसी तरह ओलंपिक खेलों में योग्यता हासिल करने वाले खिलाड़ियों की देखभाल और उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए शेफ डे मिशन की नियुक्त की जाती है। इसके साथ खिलाड़ियों को स्पर्धा में उतरने से पहले उनका मनोबल बढ़ाने का काम भी शेफ डे मिशन द्वारा किया जाता है। शेफ डे मिशन की भूमिका किसी भी देश के एथलीट के प्रदर्शन को बेहतर करने में मददगार होता है। इसके साथ ही शेफ डे मिशन राष्ट्रीय टीम का प्रवक्ता भी होता है। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा ध्वजवाहक तथा शेफ डे मिशन की नियुक्ति की जाती है। 2024 के ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ ने बहुत ही क्रांतिकारी कदम उठाया था। जबकि पहली बार किसी ओलंपिक मेडलिस्ट को यह जिम्मेदारी दी गई थी। अप्रैल 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महान मुक्केबाज सात बार की विश्व चैंपियन, 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता, पूर्व सांसद, पद्म विभूषण के सम्मानित से मणिपुर की एम.सी. मेरीकॉम को शेफ डे मिशन की जिम्मेदारी सौंप गई थी परंतु उन्होंने इसे स्वीकार करने से इंकार कर दिया। मेरीकॉम ने इस कार्य में भागीदारी न करने का कोई कारण नहीं बताया लेकिन भारतीय खेल जगत के लिए उनके द्वारा पेरिस ओलंपिक 2024 में शेफ डे मिशन का पद अस्वीकार करना कई तरह के प्रश्न को खड़ा करता है। स्पष्ट है कि आज खिलाड़ी को अपने खेल में कोई जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा अपने मातृभूमि से ज्यादा प्यार है। उत्तर पूर्व राज्य मणिपुर में 4 मई 2023 से भड़की हिंसा का कोई समाधान मेरीकाम के जिम्मेदारी को छोड़ने की घोषणा 11 अप्रैल 2024 तक या कहें आज तक नहीं हो सका है। संभवतः मेरीकाम का यही दर्द है। उन्होंने मणिपुर राज्य के अपने भाई-बहनों, रिश्तेदारों को पिछले एक वर्ष से पीड़ित, प्रताड़ित होते देखा है। मणिपुर के पानी, मिट्टी, वातावरण और माहौल ने उन्हें महान बनाने का मौका दिया परंतु जब मेरीकॉम को लगा कि उनकी कोई सुनवाई नहीं है तो संवभतः उन्होंने पद लेने से इंकार कर दिया।हालांकि यह सब अनुमान है जो कभी सार्वजनिक नहीं हुई परंतु मणिपुर का मामला काफी संवेदनशील है। आखिरकार डिप्टी शेफ डे मिशन ओलंपिक मेडलिस्ट गगन नारंग को यह काम सौंपा दिया गया है। और समस्या का हल निकल आया है।

## हाईवा ने टमाटर से भरे ट्रक को मारी टक्कर

**ग्रामीणों में मची लूटने की होड़**

**बलौदाबाजार,10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में एक टमाटर से भरी ट्रक को हाईवा ने टक्कर मार दिया. इस घटना में हाईवा चालक और परिचालक ट्रक के अंदर बुरी तरह फंस गए, जिन्हें पुलिस और आस पास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. वहीं सड़क पर बिखरे टमाटर बटोरने के लिए लोगों की होड़ मच गई. यह घटना भाटापारा ग्रामीण थाना के अंतर्गत गांव अर्जूनी और खैरताल के पास हुई. राहत की बात रही कि किसी को गंभीर चोंट नहीं आई. मामूली चोटों के इलाज के लिए दोनों को अस्पताल ले जाया गया है. भाटापारा से बलौदाबाजार मुख्य मार्ग की सड़क खराब है, जिसपर तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने से यह हादसा हुआ है. इससे पहले भी इस सड़क पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है. इसके बाद भी ना तो सड़क की हालत में सुधार देखने को मिल रहा और ना ही रफ्तार में कमी आई. फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है.



एक नजर

## प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र प्राणघातक हमला करने वाला युवक और अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 109, 118, 119,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि ग्राम गोंडपेण्ड्री निवासी सुनील गायकवाड़ ने शिकायत किया था कि आरोपी जय शंकर जांगड़े उर्फ अच्छी, अपचारी बालक ने मिलकर कुलर पंखा रिपेरिंग की दुकान में आकर शराब पीने के लिये पैसा की डिमांड कर रहे थे इस दौरान रुपए नहीं देने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे अपचारी बालक जो दोनों पैर से दिव्यांक है उसने पीड़ित को पेट को पीछे से पकड़ लिया तब आरोपी जय शंकर जांगडे ने गर्दन काटने की नियत से धारदार कटर से वार कर दिया पीड़ित के दाहिने भुजा में गंभीर चोंट आई। जिसे देख पत्नी बीच बचाव करने पहुची जिसे देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने टीम बनाई गई। सूचना पर जय शंकर जांगड़े उर्फ अच्छी, अपचारी बालक को पकड़ लिया पूछताछ करने पर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

## कुकर्मी युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई नाबालिग को शादी का झांसा देकर युवक द्वारा रेप करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 (2), पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई किया है तीन साल से था नाबालिग के साथ संबंध जीआरपी भिलाई तीन टीआई आरके बोर्झा ने बताया कि स्टोर पारा पुरैना निवासी ओम प्रकाश नाग नामक युवक ने ( 16 वर्षीय ) नाबालिग को शादी का झांसा देकर लगातार रेप करता रहा। शादी के लिए जब नाबालिग ने दबाव बनाया तो आरोपी युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया लगातार नाबालिग शादी के लिए आरोपी पर दबाव बनाती रही लेकिन युवक मना करते रहा। परेशान नाबालिग ने घटना की शिकायत जीआरपी भिलाई तीन में शिकायत किया जीआरपी ने टीम बनाकर आरोपी की खोजबीन में जुटी रही सूचना पर पुलिस ने ओम प्रकाश को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि नाबालिग आरोपी युवक की ओर से पांच माह का गर्भ था अचानक नाबालिग के पेट में दर्द होने पर उसे परिजनों पर के लिए अस्पताल भेज गर्भवती होने की जानकारी मिलन पर अस्पताल के डॉक्टर ने तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस दौरान गर्भ के बच्चे की मौत हो गई जबकि नाबालिग स्वास्थ्य फिलहाल ठीक है ।

## दुर्ग से हरिद्वार सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने विधायक ने पीएम व रेल मंत्री को लिखा पत्र

**भिलाई नगर, 10 जुलाई।** दुर्ग से हरिद्वार तक सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि दुर्ग से हरिद्वार के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ किये जाने से हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड राज्य के साथ ही बद्रीनाथ तीर्थ से भी जुड़ जाएगा। बद्रीनाथ धाम, चारों धाम में से एक मुख्य धाम है इसलिए छत्तीसगढ़ के हिंदू समाज के तीर्थ यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए दुर्ग से हरिद्वार तक सीधी रेल सेवा प्रारंभ करना बेहतर होगा। आपको बता दें कि विगत दिनों वैशाली नगर की जन कल्याण समिति ने भी विधायक रिकेश सेन को इस संबंध में मांग पत्र सौंपा था। समिति ने सुझाव दिया कि अगर हरिद्वार तक सीधी रेल सेवा फिलहाल संभव न हो तो दुर्ग कानपुर बेतवा एक्सप्रेस का विस्तार कर उसे हरिद्वार तक चलाया जा सकता है।



अस्थाई वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ट्रेन क्रमांक 12409 गोंडवाना एक्सप्रेस में बिलासपुर से 3 दिन बुधवार, गुरुवार और शनिवार एक कोच या बोगी हरिद्वार के लिए लगा दिया जाए तथा हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर निकाल कर उज्जैन-देहरादून या इंदौर-देहरादून से जोड़ दिया जाए तो भी कुछ हद तक तीर्थ यात्रियों को राहत मिलेगी। इसी तरह वापसी यात्रा के लिए ट्रेन क्रमांक 14310 में मंगलवार, बुधवार, और शनिवार एक कोच बिलासपुर के लिए लगा दिया जावे और इस कोच को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर निकाल कर ट्रेन क्रमांक 12410 गोंडवाना एक्सप्रेस में जोड़ दिया जाए। इस व्यवस्था से भी दुर्ग भिलाई छत्तीसगढ़ के तीर्थ यात्रियों को हरिद्वार आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

## जिले में एफपीओ का गठन एवं संवर्धन हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग, 10 जुलाई।** जिले में कृषक उत्पादक संगठन का गठन एवं संवर्धन हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति की प्रथम बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कृषक उत्पादक संगठन के गठन, योजना के लक्ष्य एवं उद्देश्य, कृषक उत्पादक संगठनों का पंजीयन, मुख्य गतिविधियां, क्रियान्वयन एजेंसी, कलस्टर आधारित व्यापार संगठन, योजना अंतर्गत फण्ड का उपभोग, कृषक उत्पादक संगठनों के प्रबंधन पर लागत, ईक्विटी ग्राण्ट तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि कृषक उत्पादक संगठन किसानों के समूह द्वारा सहकारी समिति अधिनियम अथवा कंपनी अधिनियम के भाग 9ए के तहत गठित एक निगमित/पंजीकृत निकाय है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 10 जुलाई।** समाज सेवा देश प्रेम की उदात्त भावना को व्यक्त करती है, क्योंकि समाज देश सेवा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। राष्ट्र का निर्माण उसमें रहने वाले व्यक्तियों से होता है। इसकी सेवा तन से भी की जा सकती है धन से भी एवं मन से भी। यदि मनुष्य सोच ले कि मुझे कुछ करना है तो वह कर लेता है अन्यथा स्वार्थ में लिप्त होकर पशुओं की तरह जीवन बिता देता है। सच्चा समाज सेवी सूर्य के समान सबको प्रकाश देता है, मानवता को सच्ची राह दिखाता है और अपनी अपरिमित शक्ति से समाज के बिगड़े ढाँचे को नवीन परिष्कृत रूप प्रदान कर एक आदर्श उपस्थित कर देता है जिस पर चलकर आगामी पीढ़ियाँ प्रेरणा लेती है और लाभान्वित होती हैं। यह कथन छग विधानसभा में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ असेम्बली में राज्य के सर्वश्रेष्ठ जिला युवा अधिकारी के रूप में सम्मान प्राप्त करने वाले नितिन कुमार शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

डीवाईओ शर्मा समाज सेवा को मानव सेवा और सच्ची प्रभु सेवा मानते हुए कहते है कि प्रत्येक मनुष्य को समाज के प्रचलित नियमों का दृढ़ता से पालन करना चाहिए एवं कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प लेकर सामाजिक परिवेश को स्वच्छ एवं अनुकरणीय बनाने का सतत् प्रयास करना चाहिए।उल्लेखनीय है कि नितिन शर्मा 40 बार रक्तदान कर चुके हैं एवं तीन हजार से ज्यादा युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किये हैं। इसके साथ ही दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, राजनांदगांव के विभिन्न युवा मंडल एवं युवाओं के साथ मिलकर पौधरोपण, जल संरक्षण, बालिका शिक्षा, माहवारी स्वच्छता सहित विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।यूनिसेफ छग व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में छग विधानसभा के सभागार में राज्य स्तरीय यूथ असेम्बली का आयोजन शुक्रवार को किया गया था जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, यूनिसेफ चीफ विलियम हानलो जूनियर, एनवाईकेएस राज्य निदेशक श्रीकांत पांडेय ने जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा को सम्मानित किया।नितिन शर्मा की इस उपलब्धि पर नवीन शर्मा, आशीष, आकांक्षा, तुलसीराम, हेमन्त ठाकुर, आशीष चौहान, संजय गायकवाड़, महेंद्र सिन्हा, जितेंद्र सोनी, आदित्य भारद्वाज, फलेंद्र पटेल, छगन साहू, दीपक यादव, पंकज दीपक, जामिन यादव, चंद्रकांत साहू, यादवेंद्र साहू, दीलिप, केवल, खिलेंद्र, प्रशांत, ढालसिंह, उमेंद्र, चंचल, नरेंद्र, चाणक्य सहित विभिन्न युवा मंडल के सदस्य, जिला युवा अधिकारी एवं समाजसेवियों ने बधाई दी।

### युवाओं ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा घोषणा पत्र

छग विधानसभा में यूथ असेम्बली फ़ॉर क्लाइमेट एक्सन विषय पर युवा संसद का आयोजन किया गया था जिसमें राज्य के 146 विकासखण्डों के 200 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्ग जिले से यूथ असेम्बली में रुंगटा आर1 के सहायक प्राध्यापक एवं शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, संघर्ष युवा संगठन के मृदुल निर्मल, सुशील मिश्रा, निमिश देवांगन, सत्या जोशी, कर्मवीर संगठन कातरो के केवल देवांगन, उमेन्द्र, नवयुवक मंडल धमना के ढालसिंह, प्रेमशंकर, मुकेश, हर्षिता, पूजा, ज्ञानोदय शिक्षा एवं समाज कल्याण संगठन की चंचल साहू, आकाश, काजल, गौरव, हर्षिता, प्रखर, प्रेरणा, मिनेश, योगेश, कमलेश, खोगेश्वरी, मनीष, राजीव सहित 25 युवा विधायकों ने हिस्सा लिया। चंचल साहू ने यूथ असेम्बली में मंत्री के रूप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सरकारी प्रयासों के बेहतर क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। यूथ असेम्बली में युवाओं ने जलवायु परिवर्तन के कारकों व प्रभावों के साथ सुझावों पर विस्तृत चर्चा किया। साथ ही जलवायु परिवर्तन को स्थिर करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं वनमंत्री को घोषणापत्र भी सौंपा गया जिसमें राज्य में जलवायु परिवर्तन से सम्बंधित उचित एवं प्रभावी नीति निर्माण के मुद्दों को शामिल किया गया है।

## शांति नगर इंदु आईटी स्कूल के पीछे अवैध प्लाटिंग पर की गई कार्रवाई



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, कि शांति नगर इंदु आई.टी. स्कूल के पीछे वाले भाग में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। धड़ल्ले से प्लाट काट कर मुरम गिराकर रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका परमिशन नगर निगम भिलाई एवं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से नहीं लिया गया था। नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा विभाग की टीम एवं तोड़ फोड़ दल मौके पर पहुंचकर रोड निर्माण के कार्य को रूकवाया। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति निगम क्षेत्र में प्लाट खरीदने से पहले नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा में आकर संपर्क कर लें। वह जो प्लाट खरीद रहा है, जो मकान या दुकान बनाने के लिए उसका परमिशन मिलेगा की नहीं। फिर भी लोग नगर निगम भिलाई या पटवारी कार्यालय या टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग जाकर यह परीक्षण नहीं करवा रहे है कि उनके खरीदा जाने वाला प्लाट सही है अथवा नही। दलाल के बहकावे में आकर प्लाट खरीद लेते है। प्लाट पर मकान या दुकान बनाने का परमिशन नहीं मिलता है, तो बाद में परेशान होते है। इसलिए प्लाट खरीदते समय सभी सचेत रहें। कार्यवाही के दौरान भवन अनुज्ञा विभाग से सब इंजिनियर दौलत चंद्राकर, शहबाज खान, जोन 2 के राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी एवं निगम के तोड़फोड़ दस्ता दल उपस्थित रहा।

## राजस्व शिविर में समस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण



**राजिम 10 जुलाई ।** राज्य शासन के मंशानुसार लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए गांवों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से ग्रामीण जन अपनी राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन लेकर शिविर स्थलों में पहुंच रहे है। लोगों की सहुलियत के लिए प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण भी किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समाधान मिल जा रहा है। इसी तारतम्य में आज तहसील राजिम अंतर्गत ग्राम बासीन में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। गांव की श्रीमती केसर बाई नामांतरण के निराकरण के लिए शिविर स्थल में पहुंची थी। शिविर में मौजूद तहसीलदार एवं राजस्व अमलों ने केसर बाई के प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करते हुए नामांतरण कर उन्हें तत्काल किसान किताब प्रदान कर दिया गया। जिससे केसर बाई ने खुशी जताते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए लगाये जा रहे शिविर के लिए शासन-प्रशासन का आभार जताया। तहसीलदार श्री अजय चन्द्रवंशी ने बताया कि राजस्व पखवाड़ा के तहत बासीन में आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे हुए थे। शिविर में 99 प्रकरण का त्वरित निराकरण कर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

## फलकनुमा मस्जिद के पास देशी दारू दुकान के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया



**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई जुनवानी में फलकनुमा मस्जिद के पास देशी दारू की दुकान खोलने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया जा रहा है। इस संदर्भ में फलकनुमा मस्जिद कमेटी, नगर निगम के सभापति श्री गिरवर बंटी साहू, नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन मोहम्मद शादाब, सेफ डेंटल क्लिनिक, पहलाजानी आईवीएफ और अन्य रहवासियों ने मिलकर माननीय कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।इस ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने दुकान के खुलने से क्षेत्र के माहौल पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को लेकर अपनी चिंताओं को व्यक्त किया है। उनका कहना है कि देशी दारू की दुकान खुलने से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा भंग हो सकती है और समाज पर बुरा असर पड़ सकता है। हमारी मांग है कि इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए और क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

## प्रधानमंत्री मोर-मकान मोर-आस योजना के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपा कर कब्जा प्रदान किया गया



**भिलाई, 10 जुलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को नियमानुसार पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर-मकान मोर-आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लॉटरी निकाली गई थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया गया ।मकान पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो जाने के पश्चात आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया गया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा गया। वरिष्ठ महिला रूखमणी देवांगन अपना सपनो का मकान क्रं. 1/4 भूतल में प्रवेश करते हुए कहा कि मेरी वर्षो की इच्छा पुरी हुई। बरसात के मौसम में मुझे परिवार सहित रहने के लिए नीचे का घर मिला, मेरे परिवार को भी छत मिल गया। अब मैं कह सकती हूँ मेरे धर में रसोई, शौचालय, नहानी खोली एवं रहने का कमरा भी है। मै और मेरे बच्चे बहुत खुश है। मकान मिलते ही हितग्राही अपना सामान लेकर सिफ्ट होने लगे। दिव्यांग धनंजय को भूतल का मकान प्राप्त करते हुए खुसी व्यक्त की मैं नीचे का मकान चाहता था और नीचे का ही मकान मिल गया। उन्होने निगम प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## गाय को चाकू मारने वाला रुआबांधा क्षेत्र से गिरफ्तार



**भिलाई,10 जुलाई ।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र रुआबांधा में गौवंश को चाकू मारकर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है. आरोपी की गिरफ्तारी रुआबांधा क्षेत्र से ही की गई है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाला है पुलिस ने गिरफ्तारी और जुलूस निकालने के बाद पशुओं पर क्रूरता करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि जो भी इस तरह की हरकत आगे करेगा,उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी कौन है आरोपी जिस बदमाश ने गाय को चाकू मारा है.वो आदतन बदमाश किस्म का है. जिसे पुलिस ने पहले भी जेल भेजा है आरोपी ने जब गाय पर चाकू से वार किया तो पूरा चाकू उसके पेट में घुस गया.इसके बाद आरोपी उसे निकालने के लिए गाय के पीछे भागा.लेकिन गाय भाग चुकी थी. आरोपी की पहचान पुलिस ने रामशंकर के तौर पर की है. पुलिस ने इस घटना के सीसीटीवी को देखने के बाद मौके पर मौजूद अन्य गवाहों को भी बुलाकर गवाही दर्ज की है.घटना के बाद से आरोपी फरार था . जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है इसके बाद रुआबांधा क्षेत्र में जुलूस निकाला भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि गाय को चाकू मारकर घायल किया गया था जिसके बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज हुई थी.आरोपी का नाम रामशंकर है.जो पहले भी अपराध के बाद जेल जा चुका है.शिकायत के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है.साथ ही लोगों को सख्त हिदायत दी गई है कि इस तरह की हरकत बिल्कुल भी ना करें क्या थी घटना ॅभिलाई के रुआबांधा क्षेत्र में गौवंश के साथ निर्ममता करने का मामला सामने आया है.यहां एक शराबी युवक ने गाभिन गाय के पेट में चाकू घुसा दिया. चाकू मारने की पूरी घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई है. इस घटना के बाद गौवंश प्रेमियों में काफी गुस्सा था. पशु प्रेमियों और गाय के मालिक ने चाकू लगने की जानकारी लगने के बाद गाय को अस्पताल पहुंचाया.जहां डॉक्टरों ने गाय के पेट से चाकू को बाहर निकाला है. गाय 4 माह की गाभिन भी बताई जा रही है दुर्ग जिले में बढ़ी पशु क्रूरता ॅआपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से छत्तीसगढ़ में पशु क्रूरता का मामला लगातार सामने आ रहे हैं. सबसे ज्यादा दुर्ग जिले में पशु क्रूरता के मामले देखने को मिल रहे हैं. ताजा घटनाक्रम रुआबांधा इलाके का है,जिसमें गाय के पेट में चाकू मारा गया.वहीं ग्राम निकुंभ में एक शख्स ने कुत्ते को फांसी लगाकर हत्या कर दी थी.इस घटना के बाद आरोपी ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी थी।

## कर्मचारी संघ परसदा ने किया 19 प्रतिभावान बच्चों का आर्थिक सहयोग




**राजिम, 10 जुलाई।** शिक्षा जीवन का आधार है और प्रत्येक बच्चों को शिक्षा का अधिकार है. इसी के तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए समीपस्थ ग्राम परसदा के शासकीय कर्मचारियों ने एक विशेष पहल करते हुए जिम्मेदारी उठाई है कि प्रतिभावान बच्चों की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने पर पढ़ाई में दिक्कत आ रही है तो बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने और पढ़ाई लिखाई की प्रक्रिया सतत क्रम से चलती रहे इस विचार से ग्राम परसदा के शासकीय कर्मचारियों ने गांव में सर्वे कर प्रतिभावान बच्चों का सूची तैयार कर सभी बच्चों के घर जाकर पढ़ाई हेतु प्रेरित करते हुए स्कूलबैग,कॉपी, पेन कंपास बॉक्स, पानी बोतल, स्केल आदि शैक्षणिक सामग्री प्रदान किए. वहीं कर्मचारी संघ पढ़ाई के साथ साथ एवं सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण के प्रति भी के प्रति जागरूक है. पूरन लाल साहू शिक्षक ने बताया कि कोरोना काल में कर्मचारी संघ द्वारा मास्क सैनिटाइजर, आर्थिक सहयोग के साथ साथ खाद्य सामग्री भी जरूरतमंद लोगों को वितरण किए थे वहीं वृक्षारोपण, रचनात्मक कार्य के साथ साथ धार्मिक कार्यों में भी सहयोग प्रदान करते है. प्रतिभाशाली बच्चों को सहयोग प्रदान करने वाले कर्मचारी रेलवे विभाग से भुनेश्वर साहू, देवनाथ साहू,चंद्रपाल साहू पुलिस विभाग होरीलाल बारले, फुड इंस्पेक्टर सचिन धृतलहरे,शिक्षक विभाग से पूरनलाल साहू, उकेश तारक,दुष्यंत कुमार वर्मा, प्रवीणवर्मा, अशोक खुटियारे,सुखेन साहू, टीकाराम साहू, ओमप्रकाश साहू, विजयसाहू, कमलनारायण साहू शामिल हैं. ये सभी कर्मचारी ग्राम परसदा से हैं जो बच्चों के घर जाकर पालक संपर्क करते हैं और जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उन्हे भी पढ़ाई के प्रति प्रेरित कर रहे हैं. आगे कर्मचारी संघ ने बताया कि जो गरीब एवं प्रतिभावान बच्चे हैं एवं जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनकी मदद कर एक आदर्श प्रस्तुत किए हैं और शिक्षा के प्रति लोगों के विचार में सकारात्मक बदलाव आया है.चर्चा में है कि आर्थिक स्थिति से कमजोर बच्चों को कुछ सहयोग प्रदान किया जावे तो तो निश्चित रूप से बहुत सारे बच्चों को आगे बढ़ने एवं अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर जरूर मिलेगा.वहीं कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले सहयोग के लिए सराहना की जा रही है.प्राथमिक विभाग से जिन बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई उनमें प्रतिभावान बच्चे उमंग तारक, मानसी साहू, तृषा खिलवारे, प्रिया धृतलहरे, रवि रूपाली साहू, सोनम यादव, मिडिल विभाग से बच्चे प्रीति तारक,खुशी ध्रुव,पल्लवी, वैशाली साहू, भूमिका साहू,भास्कर वर्मा लावण्या महिलांग, हाई स्कूल से क्षमा सेन, ज्योति यादव,देवकुमार तारक, योगिता ध्रुव,सागर खुटियारे शामिल है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग का अभिनव पहल

**दुर्ग, 10 जुलाई ।** ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत दुर्ग जिले के प्रत्येक आांगनबाड़ी केन्द्रों में पोषणवाटिका के साथ ही समुदाय की महिलाओं एवं बच्चो में पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता लाने 12 जुलाई 2024 को ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की महतारी वंदन योजना से लाभांवित सभी महिलाओं को एकत्र कर पानी की महत्ता जैसे-स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरों में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन की कार्यवाही करेंगे व वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया जाएगा।

## सैक्स रैकेट का खुलासा



**भिलाई, 10 जुलाई।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में लंबे समय के बाद सैक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक होटल में छापामारी करते हुए सेक्स रैकेट का खुलासा किया है इस मामले में पुलिस ने तीन जोड़े समेत दलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमे सेक्स रैकेट का संचालन करना स्वीकार किया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट का मामला दर्ज कारण जांच में जुट गई है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और छावन प्रभारी चेतन सिंह ने मंगलवार की शाम को पावर हाउस बस स्टैंड स्थित प्रभात होटल में सेक्स रैकेट संचालन की जानकारी मिलने पर होटल में दबिश दिया गया जहां एक कमरे में लड़के और लड़की आपत्तिजनक हालत में मिलने पुलिस ने कमरे से 3 लड़की समेत 4 लड़के को हिरासत में लेकर थाने पहुंची।

पकड़े गए आरोपियों में निलेश वर्मा,सुप्रभात शील, राजेन्द्र यादव,राहुल वर्मा, दो लड़की समेत एक महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई युवती और महिला जामुल,भिलाई और बालोद की रहने वाली है। पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई किया है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिली कि पावर हाउस बस स्टैंड के प्रभात लॉज सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा है जिसके बाद पुलिस ने लॉज में दबिश देकर लड़की,महिला समेत 4 लडको को गिरफ्तार किया है। पकड़े आरोपियों में दलाल सहित तीन पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। सभी आरोपियों पीटा एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर दिया है।

# खुज्जी विधानसभा के 18 गावों का राजस्व मामला प्रभावित, मुख्यमंत्री से मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी से भेंट कर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना, (भारत माला परियोजना) के अंतर्गत रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस निर्माण के चलते राजनांदगांव जिले के लगभग 42 गाँव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के 18 गांवो में बंटाकन,सीमांकन,नामांतरण एवं रजिस्ट्री,खरीदी,बिक्री,जैसे राजस्व मामले प्रभावित है,जिससे किसान परेशान व पीड़ित है । उक्त संबंध में खुज्जी विधासभा के जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से मुलाकात कर शीघ्र निराकरण हेतु आग्रह किया, ताकि आम जन को सहूलियत हो। बता दे की भारत माला परियोजना से इस क्षेत्र को जोड़ने के लिए क्षेत्र के सांसद श्री संतोष पांडे जी की अहम भूमिका रही है जिससे पूरे क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास होगा। उक्त संबध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वस्त किया शीघ्र ही जनसामान्य को उक्त विषय में लाभ मिलेगा । उक्त मुलाकात में माननीय मुख्यमंत्री से जिला मंत्री भाजयुमो अनंत तिवारी, जिला सोसल मीडिया प्रभारी नवीन साहू , हिमांशु साहू उपस्थित थे।




**उमरवाही से गुण्डरदेही मार्ग का हो चौड़ीकरण: अनंत तिवारी**

उक्त मुलाकात में अनन्त तिवारी जी ने उमरवाही से गुंडरदेही मार्ग को चौड़ीकरण कराने की भी बात मुख्यमंत्री जी से कही जो लंबे समय से अटकी हुई है।उक्त मार्ग के लिए भाजयुमो के जिला मंत्री श्री अनंत तिवारी एवं स्थानीय 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच व आम लोगो ने कड़ी मेहनत की परंतु 5 वर्ष कांग्रेस सरकार में सड़क का कोई काम नहीं हुआ, अब भाजपा सरकार से इस सड़क के लिए ज्ञापन पत्र सौंपी गई है। मुख्यमंत्री जी ने उक्त विषयो पर गंभीरता से सुनकर आश्वस्त किया और कहा की ÷हमर आदिवासी अंचल में जल्दी सुविधा पहुचाए के दर्शन प्रयास करबो।

## एक नजर

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट



**डोंगरगढ़ 10 जुलाई।** भाजपा के बिलासपुर सांसद एवम शहरी कार्य ,केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को बधाई देने भाजपा मंडल मंत्री गुरविंदर सिंह उनके निवास लोरमी पहुँच सौजन्य भेंट करते हुए केंद्रीय मंत्री बनाये जाने की बधाई देते हुए धर्मनगरी डोंगरगढ़ आने का आग्रह भी किया गया। जिसे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री साहू ने शीघ्र ही माता के दरबार में आकर सौभाग्य पाने का वादा किया।

### विद्युत दर वृद्धि, बिजली कटौती से आम जनता व किसान परेशानः छन्नी चंदू साहू



**छुरिया 10 जुलाई।** भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में भारी वृद्धि की गई है उक्त विचार खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू का है उन्होंने आगे कहा प्रदेश भर में बार बार अघोषित बिजली कटौती से गांव, शहर प्रदेश के जनता एवं किसान भाइयों को बेतहासा परेशानी हो रही है ब्लाक काग्रेंस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष अब्दुल खान ने अपने समंबोधन मे कहा विद्युत गैश खाद सभी जरूरी सामग्री के दर में भारी वृद्धि एवं अघोषित विद्युत आपूर्ति कटौती बंद नही की गई तो इस सरकार के खिलाफ ब्लॉक काग्रेंस कमेटी ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन कर विरोध करेगी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य क्रांति भंडारी, जनपद सदस्य देव पंड्रो,ओम प्रकाश, लाल चंद,पन्ना लाल,कांता प्रसाद, गिरीश सोनवाने,पूरनलाल,अगनुराम,प्रकाश साहू,सलेन्द्री सिन्हा, प्रताप धावड़े,देसुराम, कुंजाम, बिसाल, कुंज बिहारी, सोहन साह,कुमार, लिलाधरपटेल,फकीर साहू,पारसनाथ, पटेल आदि नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय स्पेल बी कॉम्पिटिशन परीक्षा में अनाया श्रीवास्तव ने जीता स्वर्ण पदक

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा, कु.अनाया श्रीवास्तव जो कि क्लास फोर मे अध्ययनरत है , ने अंतर्राष्ट्रीय लेवल ओलम्पियाद प्रतियोगिता, स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023-24, मे जिसे हमिंग बर्ड एजुकेशन लिमिटेड ने आयोजित किया था, के अंतर्गत जोंन स्तर पर 27 वां एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 72 वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिये कु. अनाया श्रीवास्तव को हमिंग बर्ड लिमिटेड के सी.ई.ओ. श्री पियूष खत्री ने स्वर्ण पदक, प्रशस्ती पत्र एवं नकद 1,000/- रुपये देकर पुरस्कृत किया। कु.अनाया श्रीवास्तव ,वरिष्ठ जर्नलिस्ट श्री सुनील श्रीवास्तव,राजनांदगाव के छोटे भाई डॉक्टर चंद्रशेखर श्रीवास्तव ( अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स, रायपुर, छ.ग.) एवं डॉक्टर गरिमा श्रीवास्तव की सुपुत्री तथा बृजभूषण लाल(रिटा.संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग) एवं शैल श्रीवास्तव की पोती है। कु.अनाया श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं इंद्राशीष परिवार राजनांदगाव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बिटिया को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।



### 3 वर्षों से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को सरकंडा बिलासपुर से किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** प्रार्थी सुजीत कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह उम्र 40 साल साकिन बी0एन0सी0 मिल बंगला एरिया राजनांदगांव दिनांक 31.10.2021 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10.10.2019 से 07.02.2020 के मध्य आरोपी शशांक निर्वाणी पिता स्व0 शिव कुमार निर्वाणी उम्र 40 साल सा0 तुलसीपुर मस्जिद के सामने थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 से जमीन मकान क्रय करने प्रार्थी ने बातचीत किया आरोपी शशांक निर्वाणी ने पहले अपने मकान के बाजू वाला मकान को बिक्री हेतु होना बताया उसके बाद आरोपी शशांक निर्वाणी ने प्रार्थी को महेश नगर मेन रोड कौरिनभाठा स्थित प्लाट, भूमि जिसका खसरा नं0 465/1 रकबा क्षेत्रफल 40म50= 2000 वर्ग फीट भूमि को अपना स्वामित्व बताकर जगह दिखाकर 80 लाख रुपये में बेचने हेतु प्रार्थी से सौदा तय कर सौदे अनुसार 30 लाख रुपये नगद एवं बैंक चेक के माध्यम से आरोपी शशांक निर्वाणी प्राप्त कर प्रार्थी के साथ धोखाधडी किया एवं रुपये वापस लौटाने के लिए इकरानामा कर प्रार्थी को रुपये वापस नही लौटाया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अपराध कायमी दिनांक से लगातार फरार रहने के संबंध मे वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव से आरोपी के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी शशांक निर्वाणी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। कि मुखबीर की सूचना पर सरकंडा बिलासपुर मे घेराबंदी कर आरोपी शशांक निर्वाणी पिता स्व0 शिव कुमार निर्वाणी उम्र 40 साल साकिन तुलसीपुर मस्जिद के सामने थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव हाल विजयपुरम सरकंडा फ्लैट नं0 202 थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छ0ग0) को उसके निवास स्थान विजयपुरम सरकंडा बिलासपुर से घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर राजनांदगांव लाया गया।

# पौधरोपण के साथ सुरक्षा ज्यादा जरूरी: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार 07 जुलाई को मोतीपुर स्कूल मैदान परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

पौधरोपण कार्यक्रम में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मात्र पौधरोपण करने से कुछ नहीं होता है बल्कि पौधों की देखभाल, उनकी सुरक्षा के साथ-साथ समय-समय पर खाद-बीज व पानी भी देना पड़ता है। जब जाकर यह पौध वृक्षा का रूप लेकर आने वाले समय में आनंद व सुखदायी जीवन प्रदान करता है। वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं है क्योंकि हमें छाया एवं शुद्ध वातावरण के लिए वृक्ष अति आवश्यकता है। आज के इस आधुनिक युग में बड़े-बड़े उद्योग व इमारत व अन्य सुविधाओं के लिए वृहद रूप से वृक्षों की कटाई हो रही है लेकिन उस अनुपात में पौधे नहीं लग पा रहे हैं, यह गंभीर विषय है।




अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने उपस्थितजनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि कम से कम प्रतिव्यक्ति मात्र 5 पौधे लगाएं और अपने बच्चों की तरह उनका पालन पोषण करें तो देखना आने वाले कुछ सालों में यह कितना हितकारी होगा वहीं हमारी संस्कारधानी हरा-भरा नजर आएगी। इसलिए हम सब आज से इस बात का संकल्प लें और अपनी जिम्मेदारी समझकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। पौधरोपण कार्यक्रम में आम, बेल सहित 8 प्रकार के विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया खान, पार्षद मनीष साहू, मुन्ना श्रीवास्तव, सुरेन्द्र गजभिए, फरमान अली, जितेन्द्र सिन्हा, द्वारिका वर्मा, बंशी देवांगन, कमलदास मानिकपुरी, रूपदास साहू, कमल देवांगन, लोकेश देवांगन सहित मोतीपुर के वार्डवासी उपस्थित रहे।

# अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज और विद्युत बिल में अप्रत्याशित वृद्धि का विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 10 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस डोंगरगढ़ शहर ग्रामीण सहित पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल व विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में विधायक निवास से मोटर साइकिल रैली निकाल शहर भ्रमण करते बिजली आफिस पहुँच नारेबाजी करते ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेसियो ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अब स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान? इधर विद्युत बिल में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। पूर्व कांग्रेस सरकार के द्वारा विद्युत बिल हाफ किया गया था परंतु वर्तमान भाजपा सरकार विद्युत बिल में बढ़ोतरी कर आम जनता के साथ छल कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसानो की भूमि है परंतु विद्युत विभाग के द्वारा लगातार अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे किसान, व्यवसायी, विद्यार्थी और आम नागरिको को अत्यंत परेशानियों को सामना करना पड़ता है। वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने हेतु सर्वे किया जा रहा व रायपुर शहर में लगभग 7000 घरो में यह मीटर लगाया भी जा चुका है। परंतु इनके लाभ-हानि को जाने बिना इस राज्य के नागरिको के ऊपर थोपा जा रहा है. यह मीटर प्रीपेड है, अर्थात् जब रिचार्ज खत्म विद्युत बंद ऐसी स्थिति में गरीब व्यक्ति का घर तब तक रौशन नही हो सकता जब तक दुबारा रिचार्ज करने के लिये उसके पास पैसा ना हो साथ ही इस मीटर में अधिक बिल आने की भी शिकायत मिल रही है, आसपास के अन्य राज्यों ने इसे स्वीकार नहीं किया है तो छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता पर यह अत्याचार क्यों ? यदि समस्या को जल्द ही नहीं सुलझाया गया तो कांग्रेस पार्टी इन नितियो के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी। इस अवसर पर डोंगरगढ़ ब्लाक कांग्रेस शहर व ग्रामीण के वरिष्ठ कांग्रेसी, पदाधिकारी वार्ड पार्षद, सरपंच सहित कांग्रेसी महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### शहर में नो पार्किंग पर यातायात विभाग ने की 74 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** 9 जुलाई को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, सउनि श्री येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के पोस्ट ऑफिस चौक, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर, कृष्णा टॉकीज, गुड़ाखू लाईन, फौव्वारा चौक तक पेट्रोलिंग कर बेतरतीब तरीके से नो पार्किंग में खड़े कुल 74 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 22200 रूपये जुर्माना वसूला गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की आम जन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।



# बीजेपी सरकार किसानों को कर्ज लेने पर मजबूर कर रही : भुनेश्वर बघेल

**डोंगरगढ़ 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य एक किसानों का प्रदेश है और किसान हमारा अन्नदाता है लेकिन आज रोपाई और बियासी के समय उसको खाद और यूरिया की ज़रूरत के समय उसको सोसाइटी की जगह बाज़ार की तरफ़ जाना पड़ रहा है क्योंकि सरकार अन्नदाता को खाद और यूरिया सब्सिडी में नहीं दे पा रही है,ये एक तरह की साजिस है किसानों के साथ ताकि वो अपनी फसलें अच्छे से न उगा पाये और मुनाफ़ाखोर सरकार को बड़ा कमीशन मिले।याद करे जब बीजेपी की पंद्रह साल की सरकार थी तब किसान कर्ज के कारण आत्महत्या करते थे क्योंकि उनके ऊपर इतना कर्ज हो जाता था और उनकी फ़सल का दाम भी सरकार सही नहीं दे पाती थी और जो घोषणा रमन सिंह जी के जमाने में होती थी किसानों के लिए वो भी पूरी नहीं करते थे वही हाल फिर होने वाला है और उसकी शुरुआत बीजेपी की सरकार ने कर दिया है। किसानों की दुर्दशा को कांग्रेस की सरकार ने दूर किया और सरकार बनते ही दो घंटे के अंदर छत्तीसगढ़ के किसानों का कर्जा माफ़ किया और उनकी धान का समर्थन मूल्य पच्चीस सौ देकर उनकी मेहनत का सम्मान किया और खेती को एक फ़ायदे का सौदा बनाया जिसके चलते हर साल उनका समर्थन मूल्य बढ़ाया भी और आज किसान खाद और यूरिया के लिए बाज़ार जा रहा है यानि कर्जा भी ले रहा होगा और उस पर कर्ज बढ़ेगा तो उसको परेशानी आएगी लेकिन सत्ता में बैठी बीजेपी की सरकार केवल मुनाफ़ाखोरी और कमीशन खोरी करने जा रही है और किसानों के साथ षड्यंत्र होने जा रहा है। मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन सिर्फ़ एक ढोंग है,डबल इंजन की सरकार केवल किसानों को लूट रही है और ठगने का प्रयास कर रही है।जब डबल इंजन की सरकार है तो प्रदेश में खाद की कमी नहीं होनी चाहिए।



**आधी रात को किया था माय ट्रेडर्स अर्जुनी से तेल टीन की चोरी**

# किराना दुकान में चोरी, आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 10 जुलाई।** दिनांक 09.07.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है । दिनांक 03.07.24 को प्राथी ने थाना आकर ग्राम अर्जुनी मे स्थित किराना दुकान जिसे अपने साझेदारी सहयोगी के साथ मिलकर संचालन करता था कि दिनांक 03.07.24 को रात्रि 12.00 बजे तक दुकान की निर्माण कर सभी कामगार व प्रार्थी के घर चले जाने के बाद चोरों के द्वारा रात्रि मे सुनशान की फायदा उठाते हुये दुकान के शटर को उखाड़ कर रखे विभिन्न प्रकार के कंपनियों के तेल जिसे दुकार मे बिक्री करने हेतु रखा था , चोरी कर ले गये , कि रिपोर्ट पर अप0 कायम कर विवेचना मे लेकर , थाना डोंगरगांव के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संदेहीयों से पुछताछ व क्षेत्रातर्गत मुखबीर मामुर कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश मे जुट गई । इसी दौरान मुखबीर से सुचना मिला कि एक व्यक्ति जो अपने गांव ग्राम नागरकोहरा ,ओपी चिचोला मे तेल की टीन को सस्ते दामों मे देने व अपने पास बहुत सारा तेल का टीन होने की बात कर रहा है कि सुचना पर त्तकाल सउनि विजय साहू के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर ,हमराह मौके गवाहान को साथ लेकर ग्राम नागरकोहरा मे राकेश कुमार साहू पिता लखनलाल साहू, उम्र- 28 साल, पता- नागरकोहरा , ओपी चिचोला , जिला राज0 के घर दबीश दिया जहां आरोपी पुलिस की भनक लगने से भागने के फिराक मे था , राकेश कुमार साहू को पकड़कर कड़ाई से पुछताछ करने पर चार लोग मिलकर चोरी की घटना को दिनांक घटना समय को अंजाम देना स्वीकार कर मेमोरेण्डम कथन मे चोरी के माल मे से अपने पास रखे 19 नग तेल टीन को बरामद कराकर अन्य तीन आरोपी 1 सुरज कुमार कोसरे पिता भुषण कोसरे , उम्र- 20 साल, 2. महेश कुमार उर्फ महेशु साहू पिता लोकनाथ साहू , उम्र- 24 साल 3 राकेश कुमार निर्मलकर ग्राम तिलईरवार का के संबंध मे बताने से सुरज कुमार कोसरे एवं महेश कुमार के घर रेड कार्यवाही किया जहां आरोपीयों के द्वारा चोरी के तेल टीन को घर अंदर के कमरे मे छुपा कर रखा था , दोनो आरोपी चोरी के माल को खपाकर अन्य राज्य भागने की योजना बना रहे थे ।



## समाचार संक्षेप

### देवेन्द्र कुमार सिन्हा को गोल्ड मेडल

**रायपुर 10 जुलाई।** पंडित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के षष्ठम दीक्षांत समारोह 2024 का आयोजन महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक अमर अग्रवाल, धरम लाल कौशिक विधायक बिल्हा, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, धरम जीत सिंग विधायक तखतपुर, अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा, दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी के आतिथ्य एवं कुलपति बंश गोपाल सिंह कस कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । जिसमे बालोद जिला के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खैरवाही के देवेन्द्र कुमार सिन्हा को मास्टर ऑफ आर्ट (एम.ए. समाजशास्त्र) सत्र 2022 में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में प्रथान स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल एवं उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



### फिल्टर प्लांट की विद्युत व्यवस्था को अंडर ग्राउंड करवाएंः पार्षद

**रायपुर 10 जुलाई।** आज फिल्टर प्लांट में पेड़ गिरने के कारण विघुत व्यवस्था ठप्प हो गई और 150 स्ब्छ जल शोधन संयंत्र बन्द हो गया , जिसके कारण डंगनिया सहित शहर की अन्य टँकीयों में पानी शाम 6 बजे तक 4 लीटर ही भर पाया शाम 7.30 बजे रात तक भी पूरी टँकीया नही भर पाई थी , जिसके कारण टेल एण्ड क्षेत्र में 10 - 15 मिनट में ही नल बन्द हो गया । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि वे लाखों जनता को प्रतिदिन पानी पिलाने वाले फिल्टर प्लांट की विघुत व्यवस्था को अंडर ग्राउंड करवाएँ जिससे कि 24 घण्टे फिल्टर प्लांट में विघुत व्यवस्था चालू रहे । आये दिन थोड़ा भी तेज हवा चलते ही फिल्टर प्लांट की विघुत व्यवस्था ठप्प हो जाने से टँकीयों में पानी भर नही पाता है और आम जनता को पानी के लिए भटकना पड़ता है । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने कहा कि अनेको बार सामान्य सभा मे भाजपा पार्षद दल ने फिल्टर प्लांट की विघुत व्यवस्था को स्मार्ट व्यवस्था के तहत अंडर ग्राउंड केबलिंग की मांग महापौर एजाज ढेबर से की लेकिन उन्होंने अब तक इस व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जबकि यह जनता की मूलभूत व्यवस्था है जिसको लगातार अनदेखा किया गया है ।

### दिल्ली दरवाजा व्यावसायिक परिसर प्रथम तल के दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** निगम स्वामित्व की दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल में 6 दुकाने, हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड के पास भूतल व प्रथम तल में कुल 21 दुकाने एवं मोती तालाब के पास भूतल एवं प्रथम तल में कुल 13 दुकानें एवं प्रथम तल में रेस्टोरेंट का निर्माण किया गया है। नव निर्मित दुकानों का आबंटन (निर्धरित प्रीमियम तथा मासिक किराये पर) किये जाने उपरोक्त दुकानों की खूली नीलामी क्रमशः जेल रोड की 14 दुकानों एवं मोती तालाब की 11 दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। नीलामी में भाग लेने आवेदन पत्र निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से दिनांक 18 जुलाई तक 2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक आवेदन फार्म एवं अमानती राशि जमा कर सकते है। इसी प्रकार दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल की 6 दुकानो की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। नीलामी हेतु आवेदन पत्र एवं अमानती राशि 16 जुलाई 2024 को शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकते है। नीलामी के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि निगम स्वामित्व की उपरोक्त दुकानों की नीलामी में भाग लेने 16 एवं 18 जुलाई तक आवेदन व अमानती राशि जमा कर सकते है और हाईटेक बस स्टैण्ड जेल रोड की 14 दुकाने तथा मोती तालाब के पास की 11 दुकाने की नीलामी 19 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे टाउन हाल सभागृह मे किया जाना है। इसी प्रकार दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल की 6 दुकानो की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। उन्होंने कहा कि नीलामी में भाग लेने आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय तक जमा करे। निर्धारित अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित अमानती राशि प्रति दुकान बैक ड्राप्ट, आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नाम से देय कर नीलामी में भाग ले सकते है। बिना अमानती राशि जमा किये नीलामी में भाग नहीं ले सकते।

### शहर के भीतरी भाग में साफ -सफाई रखने आयुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिये निर्देश

**राजनांदगांव 10 जुलाई।** निगम सीमाक्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणात्मक सुधार लाने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सुबह सफाई की मानिटरिंग कर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित कर रहे है। इसी कडी में उनके द्वारा मानव मंदिर चौक,गांधी चौक,बासपाई पारा, चौखडिया पारा में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने लोगों को समझाई देने के निर्देश दिये। सफाई मानिटरिंग में आयुक्त श्री गुप्ता प्रातः मानव मंदिर चौक, गांधी चौक में सफाई कार्य का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि झिल्ली पन्नी फसने के कारण पानी का निकासी नही हो पाता और नाली जाम होने से बारिश में पानी सडकों पर आ जाता है। इसे ध्यान में रखकर नाली नालों की अच्छे से सफाई करे, झिल्ली पन्नी प्रतिदिन निकाले जिससे फसने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि मानव मंदिर चौक, गांधी चौक शहर का प्रमुख क्षेत्र है, इसके अलावा आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई में सुधार की आवश्यकता है। सभी सफाई कर्मी प्रातः दुकाने खुलने के पूर्व सफाई कर कचरा उठाना सुनिश्चित करे। साफ सफाई रखने झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने लोगों को समझाईस देवे। आयुक्त श्री गुप्ता चौखडिया पारा में झुलेलाल मंदिर के पास जाम नाली के कारण पानी भरान की स्थिति पर तत्काल नाली को अच्छे से साफ कर झिल्ली पन्नी निकालने के निर्देश दिये।

संपादकीय

# बिहार, बंगाल जैसे राज्यों में बढ़ रही मुस्लिम आबादी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका ने देश के कुछ इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ जनसांख्यिकीय असंतुलन बढ़ने का दावा करते हुए कहा कि एक व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है। ऑर्गेनाइजर साप्ताहिक के ताजा अंक में प्रकाशित संपादकीय में जनसंख्या के लिहाज से क्षेत्रीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए नीतिगत हस्तक्षेप की वकालत की गई है। पत्रिका में लिखा गया है कि पश्चिम और दक्षिण के राज्य जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने में अपेक्षाकृत बेहतर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जनगणना के बाद आबादी में बदलाव होने पर संसद में कुछ सीट कम होने का डर है। संपादकीय के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या स्थिर होने के बावजूद, यह सभी धर्मों और क्षेत्रों में समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों, खासकर सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें लिखा गया है कि पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्यों में सीमाओं पर अवैध विस्थापन की वजह से अप्राकृतिक तरीके से जनसंख्या वृद्धि हो रही है। संपादकीय के अनुसार, लोकतंत्र में जब प्रतिनिधित्व के लिए संख्याएं महत्वपूर्ण होती हैं और जनसांख्यिकी भाग्य का फैसला करती है, तो हमें इस प्रवृत्ति के प्रति और भी अधिक सतर्क रहना चाहिए। संपादकीय में आरोप लगाया गया है, राहुल गांधी जैसे नेता यदा-कदा हिंदू भावनाओं का अपमान कर सकते हैं। (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता (बनर्जी) इस्लामवादियों द्वारा महिलाओं पर किए गए अत्याचारों को स्वीकार करते हुए भी मुस्लिम कार्ड खेल सकती हैं और द्रविड़ पार्टियां सनातन धर्म को गाली देने में गर्व महसूस कर सकती हैं, क्योंकि उन्हें जनसंख्या असंतुलन के कारण विकसित तथाकथित अल्पसंख्यक वोट बैंक के एकजुट होने पर भरोसा है। उसने कहा, विभाजन की विभीषिका और पश्चिम एशियाई और अफ्रीकी देशों से राजनीतिक रूप से सही, लेकिन सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से गलत विस्थापन से सीख लेते हुए, हमें इस मुद्दे को तत्काल हल करना होगा, जैसा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभिन्न प्रस्तावों और न्यायिक फैसलों में कहा गया है। संपादकीय में आगे कहा गया कि क्षेत्रीय असंतुलन एक और ह्यमहत्वपूर्ण आयामह्ण है, जो भविष्य में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। पत्रिका के अनुसार, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियों की जरूरत है कि जनसंख्या वृद्धि से किसी एक धार्मिक समुदाय या क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, जिससे सामाजिक-आर्थिक असमानता और राजनीतिक संघर्ष की स्थिति बन सकती है। उसने कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, शोध संस्थानों और परामशर्दात्री एजेंसियों के माध्यम से आगे बढ़ाए जा रहे बाहरी एजेंडे से प्रभावित होने के बजाय, हमें देश में संसाधनों की उपलब्धता, भविष्य की आवश्यकताओं और जनसांख्यिकीय असंतुलन की समस्या को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनाने का प्रयास करना चाहिए और उसे सभी पर समान रूप से लागू करना चाहिए।



प्रासंगिक — निर्मल रानी

# हाथरस भगदड़ : एक पहलू यह भी



गत 2 जुलाई को अलीगढ़ संभाग के अंतर्गत हाथरस जिले के सिकंदरा राव क्षेत्र के फुलराई गांव में भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध एक कथित ₹बाबा ₹ के 'सत्संग' के दौरान मची भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं की संख्या 121 से पार हो चुकी है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि 121 मृतकों में केवल महिलाओं की संख्या 112 बताई जा रही है जबकि शेष 9 मृतकों में सात बच्चे और दो पुरुष थे। वहां इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी ने निश्चित रूप से उस कहावत को बलवती कर दिया है कि 'औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता'। आज हमारे देश में बाबाओं की बाढ़ सी आई हुई है। सोशल मीडिया के इस युग में अनेक बहुरूपिये क़िस्म के स्वयंभू बाबा प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचे हुये हैं। ऐसे कई स्वयंभू बाबा कैमरे के सामने कई बार अपनी मूखर्ता व अज्ञान का प्रदर्शन करते भी देखे जा चुके हैं। परन्तु इसके बावजूद वहाँ भीड़ बढ़ती ही जा रही है। और इस भीड़ में सबसे अधिक संख्या निश्चित रूप से महिलाओं की होती है। और कहना ग़लत नहीं होगा कि इनमें अधिकांशतः अनपढ़,अज्ञानी व अशिक्षित महिलायें ही अधिक होती हैं। और पुरूषों में ज़्यादातर पुरुष भी वही होते हैं जो अपने घर परिवार की महिलाओं के आग्रह पर उनके साथ आते हैं।

आपने देखा होगा कि आमतौर पर जब कोई बाबा या प्रवचनकर्ता किसी नये स्थान पर जाकर सत्संग आयोजित करता है तो उस बाबा के पहुँचने से पहले उसकी 'मार्केटिंग ' टीम के सदस्य वहां पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से सबसे पहले अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं से संपर्क करते हैं। और आयोजन से पहले उन्हीं महिलाओं को सजधज कर आने के लिये कहा जाता है। फिर यही महिलायें श्रद्धापूर्वक अपने सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करती हैं। प्रायः कलश भी महिलायें अपना ही लेकर आती हैं। महिलाओं की इस क्लश यात्रा के दो पहलू हैं। भोली भाली धमर्भीरु महिलायें तेज धुप, सर्दी व बारिश की परवाह किये बिना पुण्यार्थ के फेर में सिर पर क्लश रखकर एक ही शारीरिक स्थिति में घंटों तक उस क्लश यात्रा का हिस्सा बनी रहती हैं। तो दूसरी तरफ चैन से कहीं ए सी में बैठे बाबा जी के प्रवचन व उनकी नगर उपस्थिति का मुफ़्त में प्रचार हो जाता है। अब यदि क्लश यात्रा के दौरान किसी महिला का स्वास्थ्य बिगड़ जाये या कोई हादसा हो जाये तो इसका जिम्मेदार कौन है कुछ नहीं पता।



हाथरस भगदड़ निश्चित रूप से देश की भगदड़ की कोई पहली घटना नहीं है। और ऐसा भी नहीं कि भगदड़ केवल भारत में ही मचती हो। दुनिया के कई देशों में भगदड़ व जान-माल के नुक़्सान होते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 30 अक्टूबर 2022 की रात में दक्षिण कोरियाई राजधानी सियोल में हैलोवीन समारोह के दौरान भगदड़ मची भगदड़ में 151 लोगों की मौत हुई थी। अप्रैल 1989 में ब्रिटेन में शेफील्ड के हिल्सबोरो स्टेडियम में लिवरपूल और नॉटिंघम फॉरेस्ट के बीच इंग्लिश एफ ए कप सेमीफाइनल मैच के दौरान भगदड़ मच गई जिसमें 96 लोग मारे गए थे। जुलाई 1990 में सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान मक्का के पास अल-मुआइसिम सुरंग के अंदर, ईद-उल-अजहा के दौरान भगदड़ में 1,426 हाजी कुचलकर मर गए।सऊदी अरब में ही मई 1994 में भी हज के दौरान दमरात ब्रिज के पास भगदड़ में 270 लोगों की मौत हो गई। फरवरी 2004 में भी जमारात पुल के पास हुई भगदड़ में 251 तीथर्यात्रियों की मौत हो गई थी। इसी तरह अप्रैल 1998 में भी सऊदी अरब में भगदड़ की घटना में 191 हाजियों की कुचलकर मौत हो गई थी। मई 2001 में अफ्रीक़ा में अकरा के मुख्य फुटबॉल स्टेडियम में मची भगदड़ में कम से कम 126 लोग मारे गए थे इसी तरह अक्टूबर 2022 में इंडोनेशिया के एक फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ में कम से कम 125 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह हमारे दश में भी भगदड़ की अनेक घटनाएं घटी हैं परन्तु इनमें सर्वाधिक घटनायें केवल मंदिर या धर्म अथवा धार्मिक स्थलों से जुड़े आयोजनों की ही हैं। जैसे महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में 2005 में हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी। इसी तरह 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत हुई थी। 2008 में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध नैना देवी मंदिर में भी एक धार्मिक आयोजन के दौरान भगदड़ मच गयी थी जिसमें 162 लोगों की जान चली गई थी। महाराष्ट्र के नासिक जिले में सिंहस्थ कुंभ मेले में 27 अगस्त 2003 को पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए थे । 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई थी । भक्तों में उस समय कृपालु महाराज द्वारा दान किए जा रहे कपड़े और भोजन लेने की होड़ मच गयी थी। देश में ऐसी और भी अनेकानेक घटनाएं धार्मिक आयोजनों व धर्मस्थानों पर होती रही हैं।

ऐसे हर हादसे के बाद एक सवाल हर तरफ उठने लगता है कि इसका जिम्मेदार कौन है ? सरकार,प्रशासन, प्रवचनकर्ता (बाबा ) आयोजनकर्ता या फिर खुद जनता और जनता में भी खासकर महिलायें ? ऐसे हादसों के बाद प्राप्त रिपोर्ट्स के अनुसार सामान्य रूप से यही कहा जाता है कि प्रशासन पर्याप्त प्रबंध नहीं करता। प्रायः आशा से अधिक लोग आते हैं जिससे लोगों के बैठने निकलने आने जाने में दिक़्क़त होती है। ना ही मौक़े पर एंबुलेंस रहती है, ना ही फायर ब्रिगेड की टीम ना ही भीड़ के अनुसार पर्याप्त सुरक्षाकर्मी। अब यदि कोई अफवाह फैल जाये ,कोई अनहोनी हो जाये और भगदड़ मचे तो उसे कौन और कैसे नियंत्रित करेगा ? हाथरस हादसे में 121 मृतकों में केवल महिलाओं की संख्या 112 आने के बाद एक अलग ही बहस छिड़ गयी है। लोगों में आम चर्चा है कि यहाँ भगदड़ इसलिए हुई क्योंकि ह्यमहिलाएं ढोंगी बाबाओं से आसानी से प्रभावित हो जाती हैं'। इस हादसे के बाद हाथरस जिले के अनेक गांवों में महिलाओं के प्रति घृणा की लहर पैदा हो गई है। पुरुष महिलाओं पर बाबा का अनुयायी होने का आरोप लगा रहे हैं और इस तरह की राय व्यक्त कर रहे हैं कि महिलाओं को घर पर रहना चाहिए। इलाक़े के तमाम लोग यह कहते सुने गये कि अगर इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं सत्संग में नहीं जातीं तो यह घटना नहीं होती। महिलायें ही बाबा के चरणों की धुल( रज ) लेने के लिये अनियंत्रित हो गयीं जिससे भगदड़ मच गयी। लोगों का यह भी कहना था कि ह्लमहिलाएं हमेशा आस्था में डूबी रहती हैं और चूँकि वे भावनात्मक रूप से कमजोर होती हैं इसलिये आसानी से किसी के भी झांसे में आ जाती हैं।आश्चर्य तो यह भी है कि दजर्नों ढोंगी बाबाओं के कुकर्मों का भंडाफोड़ होने के बाद तथा कई स्वयंभू अय्याश व्यभिचारी बाबाओं के जेल में सड़ने के बावजूद महिलाओं का इनसे मोह भांग होने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे हादसों का एक पहलू यह भी है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज धैर्य और समझदारी से काम करेंगे। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज कोई भी फैसला शांति से लें। वाणी भी मधुर रखें तो आपके लिए अच्छा है।

वृष राशि-आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलायेगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्रॉंग रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है। बच्चे आपके साथ कोई गेम खेलने की जिद कर सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी हासिल होगी। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। कार्यस्थल पर आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए लोगों से मुलाकात लाभदायक रहेगी। करियर में आगे बढ? के रास्ते खुलेंगे।

मिथुन राशि-आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स आपके साथ खड़े रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए आपकी मेहनत सफल रहेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। आज माता की सेहत में सुधार होगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए। अधिकारियों के साथ आपको बेहतर सामंजस्य बनाये रखने की कोशिश करनी चाहिए। कोई दोस्त आपकी काम में मदद कर सकता है।

सिंह राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा है। कहीं निवेश करने का मन बनायेंगे, जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा। आज आपके कारोबार में रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे। वैवाहिक जीवन के लिए परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहेंगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे।

तुला राशि-आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए। किसी की मदद मिलने से आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। सेहत के मामले में दिन अच्छा रहेगा। संतान की ओर से सुख मिलेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस के किसी काम से आपको दूसरे शहर में यात्रा करनी पड़ सकती है।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जो भी काम करना है, आज पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें। आज अपनी किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत का सकते हैं, आपको समाधान भी मिल सकता है।

मकर राशि-आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं। नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। आज आपकी कामकाज में रुचि भी और बढ़ सकती है। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। आज जॉब संबंधी परेशानी खत्म होने के योग हैं। काम में आपका मन लगा रहेगा पिता के सहयोग से सफलता मिल सकती है। आज कुछ मामलों में आप बड़े भाई से सलाह लेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का समाधान आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आप किसी सामाजिक काम में हाथ बंटा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा। बच्चो के लिए आज का दिन बढि?ा है। आपको कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ होगा। किसी खास काम के लिए परिवार के लोगों को आपसे उम्मीद होगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे।

व्यंग्य

# जूम पर झूम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



जूम पर अभी झूमने वाले झूम रहे हैं। न हॉल की जरूरत, न पुष्पगुच्छ का झमेला, न भोजन की झिक-झिक। फोकट में जब काम चल रहा हो तो पैसे खर्च करना बेफिजूली है। आभासी दुनिया गपोड़ियों का अड्डा होता है। पिछले एक घंटे से बात कर रहे थे। बातचीत गुरु और बच्चा की तर्ज पर हो रही थी। बच्चे सवाल कर रहे थे। गुरुजी अपने हिसाब से जवाब दे रहे थे। अच्छा गुरुजी! फलां नेता कच्चा झूठ कैसे बोल पाते हैं? क्या उनका पेट खराब नहीं होता? कोई गूगल या किताब में जाकर झूठ की सच्चाई पता लगाने का प्रयास करे तो ऐसे नेताओं की हालत क्या होगी? बच्चा! अब तुम्हें नेताओं की महानता के बारे में बताने का समय आ गया है। जब अपने पर आती है तो हमें आधुनिकता का उपयोग करना चाहिए। इसकी सबसे अच्छी मिसाल सोशल मीडिया है। इसका जितना इस्तेमाल इन नेताओं ने किया है, अब तक किसी ने नहीं किया है। हाँ यह अलग बात है कि पहले यह प्लाटफार्म उतना फला-फूला भी नहीं था। जब अपने पर आए तो आधुनिक चिकित्सा पर विश्वास करना चाहिए। किंतु अथर्शास्त्र में चाणक्य ने कहा था कि शासक को सदैव भौतिकवादी पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए और जनता को भाववाद में उलझाकर रखना चाहिए। वेदों का ज्ञान न भी हो तो कोई बात नहीं, लोगों को बेवकूफ बनाओ। कह दो कि यह बात वेदों में है। वेद महान हैं। कौनसा लोग वेद पढ़ने लगेंगे। उन्हें खुद से फुर्सत नहीं वे खाक पढ़ेंगे वेद! कोई तुम्हारा विरोध करे तो कह दो कि यह तो विदेशी एजेंट है, चीनी भक्त है, पाकिस्तानी आतंकवादी या फिर देशद्रोही है। बाकी सब जनता पर छोड़ दो। जनता तो भाववाद के मोहजाल में ऐसी फंसी रहती है जैसे कस्तूरी की तलाश में मृग। वाह गुरुजी! अद्भुत! आपके पास हर सवाल का काट है। तो फिर बताइए कि हम भुखमरी में विश्व के देशों में सबसे आगे क्यों हैं? रुपया गर्त में क्यों जा रहा है? आधुनिक जमाने में बाबा आदम जमाने के मुद्दों पर क्यों चुनाव लड़ रहे हैं? पहले मुर्गी के पंख नोचने और बाद में दाना डालने जैसी हरकत क्यों की जा रही है? खूब दाम बढ़ाकर फिर कुछ दाम घटाना कैसी राजनीति है? ईडी और आयकर को खुद का पालतू कुत्ता बनाना कहाँ तक उचित है?

मूर्ख! ऐसे सवाल करने वाला मेरा चेला नहीं हो सकता। तू तो देशद्रोही है! देशद्रोही! इसे तुरंत देश से निकाल दिया जाए। हो न हो यह पाकिस्तान से आया है। इसके कागज देखे जाएँ।

## टमाटर के आगे फेल हो जाएंगे सारे महंगे फेस प्रोडक्ट

चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए लोग कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन लाख कोशिश करने के बाद भी कुछ लोगों को चेहरे पर कोई असर नहीं दिखाई देता है. अगर आप भी अपने चेहरे को लेकर काफी परेशान रहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी सब्जी के बारे में बताएंगे, जिसका चेहरे पर इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे को ग्लोइंग, बेदाग और खूबसूरत बना सकते हैं. आइए जानते हैं उस सब्जी के बारे में.

**त्वचा के लिए टमाटर**-टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है. यही नहीं टमाटर का इस्तेमाल अगर त्वचा के लिए किया जाए, तो यह किसी नेचुरल खजाने से काम नहीं है. टमाटर में विटामिन सी, लाइकोपीन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को एक नहीं अनेक फायदे पहुंचाते हैं. आइए जानते हैं इसका इस्तेमाल करने का सही तरीका.

**टमाटर और शहद का फेस पैक**-टमाटर का इस्तेमाल चेहरे पर करने के लिए आप टमाटर को कद्दूकस कर उसमें शहद मिलाकर अपने चेहरे पर लगा सकते हैं. इससे पिंपल्स जैसी परेशानियां दूर होगी, क्योंकि शहद में कई गुण मौजूद होते हैं, जो कील, मुंहासे को दूर करने में मदद करते हैं.

विश्व जनसंख्या दिवस विशेष — डॉ. प्रितम भि. गेडाम


# बढ़ती आबादी के मुकाबले सुविधाओं का स्तर



विश्व के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा-पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति-नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं आवश्यकता अनुसार नहीं मिल रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक-एक राज्य की जनसंख्या है। नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वर्ल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वतर्मान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2023 तक देश पर 205 लाख करोड़ रुपया कर्ज हो गया, पिछले दस साल में 150 लाख करोड़ कर्ज बढ़ गया, जबकि 2004 में कर्ज 17 लाख करोड़ रुपये था। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी-झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17 प्रतिशत और भारत की कुल आबादी का 5.4 प्रतिशत है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी।

देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया। एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दर्शाता है।

ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं, और कुल बेरोजगारी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2% से लगभग दोगुनी होकर 2022 में 65.7% हो गई है। देश में बेरोजगारी का आलम से तो सभी वाकिफ है ही। चपरासी के पद के लिए भी बड़ी मात्रा में उच्च शिक्षित, पीएचडी पदवी धारक भी आवेदन करते है। सरकारी उपाययोजना, नीतियों के बावजूद, सामाजिक असमानता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 डॉक्टर और 3 नर्स के अनुपात की सिफारिश करता है, जबकि देश में प्रति 1000 लोगों पर 0.73 डॉक्टर और 1.74 नर्सें है।




सरकारी विभागों में बड़ी मात्रा में बरसों से पद खाली पड़े है, अधिकतर विभागों में कमर्चारियों की कमी होने से बहुत बार सरकारी सुव्यवस्था और विकास बोझ तले दबे हुए प्रतीत होते है, जिसका खामियाजा सामान्य जनता को भुगतना पड़ता है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण अनेक शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात की समस्या अर्थात हर ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पोलिस नजर ही नहीं आती इसलिए अधिकतर वाहन सिग्नल तोड़ कर निकलते है, दुर्घटना होने पर समय पर सहायता नहीं मिलती, ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस तक को निकलने जगह नहीं मिलती है। कहीं सड़क खोदकर छोड़ देते है, कहीं सड़क पर कचरे का ढेर लगा रहता है, कहीं खुली गटर, तो कहीं पिने का पानी बहता रहता, तो कहीं दिन में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट शुरू रहती है। प्रदूषण के कारण शुद्ध ऑक्सीजन, शुद्ध पानी, शुद्ध आहार अब मिलना मुश्किल हो गया है। मिलावटखोरी का ये आलम है कि शहर में रोज हजारों दुकानों, व्यवसायिकों, होटलों पर जाँच होनी चाहिए, परंतु बड़े त्योहारों या साल में कभी-कभार ही सरकारी विभागों द्वारा जाँच होने की खबरें पढ़ने को मिलती है। कमर्चारियों की कमी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, न्याय हर क्षेत्र में समस्या नजर आती है, जिससे काम लंबित होते है, सालो-साल पेंडिंग फाइल का काम चलता है, कार्य की गुणवत्ता निम्न होती जाती है और सामान्य मनुष्य का जीवन संघर्षमय बनता जाता है। ऐसी स्थितियों में सत्ताधारी, अधिकारी वर्ग, कमर्चारी अपने स्वार्थ के लिए पद का दुरूपयोग करने की संभावना बढ़ जाती है।

सौ बात की एक बात है कि जनसंख्या के मुकाबले सुविधाएं कम है और तब मांग की तुलना में पूर्ति कम होने पर गुणवत्ता गिरती है। शहर, महानगर 10 साल में दोगुनी आबादी से बढ़ रहे है, अगर ग्रामीण क्षेत्रों को ही विकसित करके वहां के लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और अच्छे रोजगार के मौके दिए जाये तो उनका शहरों की ओर पलायन कम होगा। बढ़ती आबादी सरकारी प्रणाली, तकनीक और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बनाती है। जनसंख्या नियंत्रण और कुशल प्रशासन होने पर ही सबको बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की सुविधा मिल सकती है, सभी बच्चों को उच्चतम परवरिश मिलेगी, तभी सबका जीवनमान सुधरेगा। सरकार ने कार्यकलापों को तय समय में निपटाना चाहिए, सबको शिक्षा अनुसार रोजगार मिलना चाहिए। प्रत्येक विभाग, क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए पदभरती हर साल होनी चाहिए। हर घर शिक्षा अनुसार एक सरकारी नौकरी की योजना पर जोर देना चाहिए, भले ही फिर सभी मुफ्त की सरकारी योजनाएं बंद करनी पडे, क्योंकि हर परिवार आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के लिए बेहतर जीवनयापन कर सकता है। अगर चपरासी से लेकर कलेक्टर तक प्रत्येक सरकारी कमर्चारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, विधायक, सांसद और सरकार में काम करनेवाले हर एक ने सरकारी स्कूल, कॉलेज, रेलवे, सरकारी बस, सरकारी अस्पताल की सेवाओं का उपभोग अपने और परिवार के लिए करें तो, इससे इन विभागों, क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा, गुणवत्ता बढ़ेगी। जैसे बड़े नेताओं के दौरे के वक्त रातोरात सड़कें चकाचक कर दी जाती है। इसी सोच से देश का शीघ्र ही कायाकल्प किया जा सकता है। सरकारी यंत्रणा मजबूत, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शक और विकसित होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को उसकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से होनी चाहिए। जनता की जिम्मेदारी है कि सरकार को पूरा सहयोग करें और नीति नियमों का पालन करें।

एक नजर

## संजीव साही से किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने की सौजन्य मुलाकात



**किरंदुल, 10 जुलाई।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही जी ने कार्यभार संभाला जिनसे भेट -मुलाक़ात करने आज दिनांक 09/07/2024 को नगरपालिका अध्यक्ष श्री मृणाल रॉय जी, पार्षद अमृत टंडन, राजू कुंजाम, सुरेश लीला पात्रे, श्रीमती गायत्री साहू,ईला पटेल,राजेंद्र मृणाल रॉय, भानमती नाग,कीर्ति राणा, दीपक गोस्वामी, दिलीप सिंह, शेख आज़ाद, सपन हलदार, सभी कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने की गुलदस्ता देकर सौजन्य भेंट मुलाकात की।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**कांकेर, 10 जुलाई ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के द्वारा राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त विकासखण्डों में 10 जुलाई तक लक्ष्य दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा एवं 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का स्लोगन ''विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान'' है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री रोहित वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी श्री ओ.पी. शंखवार, जिला आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

## राजस्व संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ करें निराकरण:कलेक्टर



**जगदलपुर 10 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों के राजस्व प्रकरणों को संवेदनशीलता और बहुत सतर्कता के साथ निराकृत करें। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदाय में प्रगति लाएं। वहीं सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। जिले में कम बारिश और फसल क्षति के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के प्रगति रिपोर्ट, राजस्व प्रकरणों की दर्ज-निराकरण के लंबित की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण के मासिक लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों की मासिक प्रगति, भू- अर्जन के लंबित प्रकरणों की प्रगति, भू-अर्जन के भुगतान, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन,सीमाकंन के प्रकरणों का न्यायालयवार समीक्षा, व्यपवर्तन, आरबीसी-6-4 के प्रकरणों, भू-राजस्व के बकाया राशि की वसूली, शीर्ष ब 121 के प्रकरण, त्रुटि सुधार और नक्शा बांटाकन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन कार्य की प्रगति हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण के प्रकरणों को समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए, दर्ज प्रकरणों के आधार पर निराकरण में भी अद्यतन प्रगति होनी चाहिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे सहित सभी राजस्व अधिकारी तथा अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख मौजूद रहे।

# इन्द्रदेव को प्रसन्न करने भीमसेन व भीमे डोकरी का कराया विवाह







- हर तीन वर्ष में एक बार होती है शादी की रस्म अदायगी
- क्षेत्र में अच्छी बारिश, भरपूर फसल व प्रजा के कल्याणार्थ माता मंदिर में निभाई गई भीमा भीमसेन विवाह रस्म

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 10 जुलाई।** मंगलवार को नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण में भीमा भीमसेन व भीमे डोकरी विवाह कार्यक्रम धुमधाम के साथ संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम हर तीन वर्ष बाद जुलाई के पहले सप्ताह में माटी पुजारियों की उपस्थिति में संपन्न होता है। भीमा भीमसेन विवाह में वो सारी रस्में होती हैं जो एक महिला पुरूष के विवाह के दौरान निभाई जाती है। इस विवाह का उद्देश्य इन्द्रदेव को प्रसन्न कर क्षेत्र में अच्छी बारिश, फसल की भरपुर पैदावार, पशुओं में कोई रोग न हो तथा क्षेत्र की जनता सुख एवं शांति से अपना जीवन व्यतीत कर सकें ऐसी कामना के साथ रियासतकालीन इस परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। गौरतलब है कि मंगलवार 09 जुलाई को शीतला मंदिर प्रांगण में भीमसेन व भीमे डोकरी विवाह रस्म अदायगी हुई। कार्यक्रम को संपन्न करने क्षेत्र के सभी 24 परगनाओं से मांझी, चालकी, पेरमा, समरथ, गायता, कुम्हार, सिरहा, नाईक, पडियार, मंदिर के सेवादार एवं माटी पुजारी उपस्थित थे। शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष राजाराम नाग ने जानकारी देते बताया कि आज जो मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम हुआ है उसे बिरल भीमसेन व भीमे डोकरी विवाह रस्म कहते हैं यह कार्यक्रम हर तीन वर्ष बाद संपन्न होता है। हमारे दादा-परदादाओं के समय से यह परंपरा चली आ रही है जिसे हम आज भी निभा रहे हैं। इसमें दुल्हा के रूप में बिरल भीमसेन व दुल्हन के रूप में भीमे डोकरी होते हैं इनकी विवाह रस्म अदायगी से पूर्व दोनों पक्षों के सदस्य साथ मिलकर मरकानार के जंगलों में जाते हैं और महुआ की पेड़ को नीचे से काटकर दो अलग अलग बराबर साईज की तीन तीन फीट की मोटी लकड़ी जुटाते हैं । इस दौरान सभी लोग बिना अन्न जल ग्रहण किए खाली पेट ही लकड़ी काटने की रस्म को पूरा करते हैं। इस महुए की लकड़ी को ही बिरल भीमसेन व भीमे डोकरी स्वरूप में उनका विवाह करवाया जाता है। सर्वप्रथम विवाह के दिन सबसे पहले दोपहर में मांई दंतेश्वरी मंदिर के पुजारियों की उपस्थिति में भीमसेन व भीमे देवी स्वरूप लकड़ी को दंतेश्वरी तालाब के जल में नहलाकर उसे शुद्ध किया जाता है। तदोपरांत छेका पूजा होता है उसके उपरांत शीतला माता मंदिर प्रांगण के मंडप में लाकर बाजा मोहरी की थाप पर विवाह रस्म की शुरूआत की जाती है। जिस तरह एक पुरूष व महिला के विवाह के दौरान जो भी रस्में होती है इस विवाह में भी वो सारी रस्में निभाई जाती है जैसे कि तेल-हल्दी लगाना, जनेऊ संस्कार, विवाह मंडप, सात फेरे लेने समेत दहेज तक लेने की परंपरा निभाई जाती है। इस दौरान सिरहा लोग बाराती बनकर दुल्हा दुल्हन को आर्शीवाद देते हैं। दुल्हन पक्ष से नाईक परिवार एवं दुल्हा पक्ष से कुम्हार परिवार के लोग शादी में शामिल होते हैं। शीतला मंदिर में विवाह रस्म अदायगी के बाद एक बार पुनः दुल्हा दुल्हन स्वरूप लकड़ी को तालाब के जल में डुबोकर नहलाया जाता है उसके पश्चात फिर से विवाह की कुछ रस्में निभाई जाती है जिसके उपरांत दुल्हा बिरल भीमसेन व दुल्हन भीमे डोकरी को बाजा मोहरी के थाप के साथ रेस्ट हाउस के बाजू में स्थिति डोंगरदेव स्थल पर ले जाया जाता है। जहां लकड़ी को गाड़कर उस पर फूल चांवल अगरबत्ती जलाकर पूजा की जाती है उपस्थित सभी माटी पुजारी बारी बारी से देव देवियों को दण्डवत प्रणाम करते हैं उसके पश्चात डोंगरदेव चबूतरा स्थल पर शीतला माता मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा चांवल, फूल, अंडा रख उस पर जल चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान उपस्थित भक्त अपने साथ लाए मुर्गे एवं मुर्गियों को पुजारी को देते हैं पुजारी द्वारा एक एककर मुर्गा मुर्गी को भीगा हुआ चावल खिलाया जाता है। इस तरह से भीमा भीमसेन विवाह जात्रा कार्यक्रम का अंचल में अच्छी बारिश, भरपुर फसल, निरोगी पशु एवं सभी प्रजा के कल्याण की कामना लिए शांतिपूर्ण तरीके से समापन होता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजाराम ने अंत में बताया कि इस परंपरा को निभाने के लिए इसमें होने वाले खर्च का सहयोग क्षेत्र की जनता से लिया जाता है।

## संस्कार और आध्यात्म से विकसित होंगे सकारात्मक विचार: सांसद नाग



**कांकेर, 10 जुलाई ।** जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन आज अंतागढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे। इस दौरान नौनिहाल बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाकर उन्हें निःशुल्क पुस्तक, गणवेश और साइकल वितरित की गई। साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं में शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए सांसद एवं कलेक्टर के द्वारा संस्था के प्राचार्यो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद श्री नाग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है और शिक्षित होना बहुत जरूरी है। एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है और केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का समुचित लाभ ले सकता है।

विकासखंड मुख्यालय अंतागढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने आगे कहा कि गुरू-शिष्य परंपरा भारत की प्राचीन और उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति रही है, जिसे फिर से स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नैतिकता, संस्कार, मानवता और अध्यात्म से ही सकारात्मक सोच विकसित हो सकती है। सांसद ने सभी विद्यार्थियों को शाला प्रवेशोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने जिला प्रशासन की ओर से संदेश का वाचन करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, इसके लिए जिले में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी बाहुल्य कांकेर जिले में 05 एकलव्य आवासीय विद्यालय और एक प्रयास विद्यालय सहित अनेक स्कूल, आश्रम, छात्रावास हैं जिनके जरिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता हेतु तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतियोगी व व्यावसायिक परीक्षाओं के लिए भी उन्हें सतत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके पहले नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग ने भी अपने विचार प्रकट किए।कार्यक्रम में सांसद श्री नाग व अन्य मंचस्थ अतिथियों के द्वारा 06 दिव्यांग छात्राओं को चश्मा, ब्रेल किट और दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले 129 विद्यालयों के प्राचार्यों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके अलावा 19 छात्राओं को सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदाय की गई। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंतागढ़ के नवीन भवन का लोकार्पण किया। सांसद श्री नाग और कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया और सभी अतिथियों एवं छात्राओं के साथ सामूहिक न्योता भोज भी किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बद्रीनाथ गावड़े, उपाध्यक्ष श्री भवन लाल जैन, श्री अमल सिंह नरवास, ए.डी.एम. श्री बी. एस. उइके, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

**सुकमा,10 जूलाई।** जिला सुकमा में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयो यथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोटा एवं एकलव्य कन्या आदर्श आवसीय विद्यालय बालाटिकरा, (संचालित सुकमा) में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन जिला सुकमा में किया गया था। राज्य कार्यालयय द्वारा उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन पश्चात प्राप्त अंको के आधारा पर प्रवेश परीक्षा परिणाम तैयार की गई है। जिलेवार परीक्षा परिणाम अवलोकन हेतु द्धह्लह्लश्च-//द्गद्मद्यड्ड14ड्ड.ष्द्द.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ तथा जिला सुकमा अंतर्गत परीक्षा परिणाम का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-सुकमा के सूचना पटल में तथा प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोटा एवं एकलव्य कन्या आदर्श आवसीय विद्यालय बालाटिकरा, (संचालित सुकमा) के सूचना पटल तथा विद्यालयों के वेबसाईट- www.emrssukma.in,www.emrserraborkonta.com, www.emrschhindgarh.in अवलोकन किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना रोल नंबर, नाम मे कोई विसंगति हो तो अपने अभ्यावेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाइल नम्बर देते हुये प्रमाण स्वरूप प्रवेश पत्र के साथ संलग्ल कर ई-मेल आई.डी. abhyavedan.emrs.adm@gmail.com पर दिनांक 14 जुलाई 2024 रात्रि 12-00 बजे तक कर सकते हैं।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित

**सुकमा,10 जूलाई।**शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित कर, विभिन्न जिला मुख्यालयों में प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलावार सूची https://eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना रोल नंबर, नाम में कोई विसंगति हो तो अपना अभ्यावेदन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ श्चह्म्ड्ड4ड्ढह्य.ष्द्धद्धह्लह्यञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्श्रद्व पर ईमेल 12 जुलाई 2024 तक सायं 5-00 बजे तक कर सकते हैं।

## जनहित के कार्यों तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही होने पर की जाएगी कार्रवाई: कलेक्टर

**राजनांदगांव 10 जुलाई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर जाने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में नहीं रहने के कारण कानून व्यवस्था एवं अन्य दिक्कत होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों तथा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने डीजे के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण होने पर कड़ी कार्रवाई करने तथा अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करने कहा। उन्होंने विधानसभा के प्रश्नों का उत्तर समय पर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण एवं जल संरक्षण की दिशा में उद्योग अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करेंगे। इसके लिए सीएसआर मद का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने रेलवे के तहत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में भू-अर्जन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए कहा। जिले में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत नारी शक्ति से जल शक्ति के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर ग्राम में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का कार्य जारी रहे ।तथा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित करें। स्कूल एवं आंगनबाड़ी तथा अस्पताल में भवन के मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के कार्य में गति लाएं। ऐसे स्थान जहां मवेशी बैठते हैं, उन स्थानों का चिन्हांकन करते हुए हटाने की कार्रवाई करें। मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय करते हुए मवेशियों को रखने के लिए एक निश्चित स्थान तथा आवश्यक व्यवस्था बनाएं। उन्होंने कहा कि अमृतकाल - छत्तीसगढ़ विजन ञ्च 2047 अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अधोसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में जिले को अग्रणी बनाने के लिए कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने बीपीओ कॉल सेंटर का विस्तार करने के लिए कहा। इसी तरह उन्होंने प्लग टाईप सीडलिंग यूनिट, पंप हाऊस एवं कृषि लैब के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा बंद पड़ी खदानों में किए जा रहे मत्स्य पालन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के माध्यम से 300 परिवारों को रोजगार मिला है, यह एक अच्छा कार्य है। श्रीरामलला दर्शन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करने तथा सहमति प्रदान करने कहा।

## प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने जिला कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा,10 जुलाई।** राज्य की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण, विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसके साथ ही प्रदेश भर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान हो रहे हैं।इन मुद्दों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए, जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा ने सोमवार को बस स्टैण्ड परिसर में ÷एक दिवसीय धरना प्रदर्शन÷ का आयोजन किया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य राज्य भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाई गई विद्युत दर को वापस लेने और प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने की मांग। इस धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माहेश्वरी बघेल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठगण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथीगण उपस्थित रहे। कोन्टा विधायक कवासी लखमा प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरते हुए आने वाले समय में बिजली व्यवस्था बिजली बिल के दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ उग्र आंदोलन की बात कहीछत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए जल्द से जल्द जनता को राहत पहुँचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता और किसान इस अघोषित विद्युत कटौती और बढ़ती दरों से बहुत परेशान हैं, और सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए।धरना प्रदर्शन में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों की निंदा की और विद्युत दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने अघोषित विद्युत कटौती को बंद करने की भी मांग की ताकि आम जनता और किसानों को राहत मिल सके।

## जिले में अब तक 342.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा,10 जूलाई ।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 480.0 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 293.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 365.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 237.2 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 202.1 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 469.8 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 351.9 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 342.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 08 जूलाई को सर्वाधिक वर्षा गादीरास तहसील में 35.2 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 23.2 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 18.3 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 08.0 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 03.1 मिलीमीटर , कोण्टा तहसील में 02.0 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 00.0 मिलीमीटर, दर्ज की गई है।

# राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में करें निराकृत: कलेक्टर

**सुकमा, 10 जुलाई ।** जिले में संचालित नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत चिन्हांकित 32 ग्रामों में आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), पीएम किसान सम्मान निधि, सॉयल हैल्थ कार्ड, केसीसी सहित अन्य विभागीय योजनाओं का विस्तार से समीक्षा मंगलवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर हरिस. एस ने की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नियद नेल्ला नार के तहत चिन्हांकित ग्रामों में शत् प्रतिशत शौचालय निर्माण की दिशा में काम करने पर जोर दिया। साथ ही शौचालय के उपयोग हेतु व्यापक रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने कहा। उन्होंने जनपद सीईओ कोंटा को जन्म-मृत्यु प्रमाण और आधार कार्डों को संबंधित ग्रामवासियों को सचिव के माध्यम से वितरण करना सुनिश्चित करें ताकि योजनाओ का लाभ हितग्राहियों को समय पर मिल सके। उन्होंने जिले में चल रहे आधार एवं आयुष्मान पंजीयन शिविर के अलावा पीएम उज्ज्वला योजना से लाभान्वित करने हेतु ग्राम सिलगेर, पुवर्ती जैसे ग्रामों में विभागीय मैदानी अमलों को पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। राशन कार्ड में नाम जोड़ने के साथ ही नियमित रूप से पोर्टल में अपडेट करने कहा। उन्होंने कहा कि मातृत्व वंदन योजना से लाभ दिलाने हेतु पात्र आवेदनों का आधार कार्ड और बैंक एकाउंट होना सुनिश्चित करें। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में संक्षिप्त जानकारी डीपीओ श्रीमती संजूला शर्मा ने दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने बालिकाओं को समान प्यार और शिक्षा की शपथ दिलाई। बैठक में डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, सभी एसडीएम और जनपद सीईओ, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री हरिस.एस जाति-निवासी प्रमाण पत्र बनाने हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर प्रपत्र बनने कहा। अविवादित-विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन और भूमि व्यवर्तन की को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए करने कहा। उन्होंने जिला पंचायत सभाकक्ष में होने वाले नस्ती का संधारण के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना है जिसमें संबंधित विभागीय कर्मचारी प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए।

**कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश-** कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन, सिकलिन एवं एनीमिया जांच में मंशानुरूप प्रगति नही होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सभी जिलेवासियों की शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन की दिशा में प्राथामिकता से काम करें। इसके साथ ही एनआरसी में मंशानुरूप बच्चों की उपस्थिति नही होने पर तोंगपाल एवं छिंदगढ़ सीडीपीओ और महतारी वंदन योजना के कार्य में कोताही बरतने पर डीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश।

**नवीन एनआरसी भवन, बैंक ब्रांच संचालन हेतु भवन और पौधरोपण के लिए स्थल चिन्हांकन के दिए निर्देश -** कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों को बैंक की सुविधा प्रदाय करने हेतु सिलगेर, जगरगुण्डा और किस्टाराम में बैंक ब्रांच का विस्तार किया जाना है। साथ ही दो नवीन एनआरसी का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए शीघ्र जगह चिन्हांकन करने के किया जाए। इसके अलावा जिले में नीति आयोग के सहयोग से होने वाले पौधरोपण के लिए जगह चिन्हांकन के लिए कहा।

## एक नजर

### प्रस्तावित भूमि के बजाए दूसरी भूमि पर आबादी ग्रामीणों ने जताई आपत्ति,कलेक्टर से शिकायत



**भखारा, 10 जुलाई।** कुरुद जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचपेड़ी की पंचायत बॉडी ने बैठक लेकर गांव की हरेली सहेली भूमि जो कि पूर्व शासन द्वारा निरस्त किया जा चुका है उस भूमि को आबादी दिये जाने के लिए सहमति किया गया व शेष घास भूमि को चारागाह के लिए एवं अन्य भूमि को सुरक्षित रखने वाला प्रस्ताव पारित किया गया था वहीं ग्राम विकास समिति प्रमुख व ग्रामीणों ने आपत्ति जताने कलेक्टोरेट पहुंचकर लिखित शिकायत में कहा कि आबादी हेतु प्रस्तावित हरेली सहेली भूमि की बजाए गांव की दुसरी भूमि को आबादी चयन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणो एवं ग्राम विकास समिति कि किसी भी प्रकार से कोई सहमति नहीं लिया गया है ।इसकी जानकारी लेने के लिए ग्राम विकास समिति ने सरपंच एवं पंचो की बैठक में बुलाया था।जिस पर सरपंच एवं पंचो के द्वारा पूर्ण रूप से उपस्थित नहीं होने का पत्र दिया गया 7 ग्रामीणों ने आगे कहा कि जिस भूमि को आबादी पास करवाने का प्रयास किया जा रहा है उस भूमि में स्वयं सरपंच एवं पंचों के लिए भूमि आरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए इस भूमि को आबादी देने का जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रस्तावित आबादी भूमि को पास कराने हेतु ग्रामीण एवं ग्राम विकास समिति का किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं लिया जा रहा है। जिसके चलते ग्राम विकास समिति और ग्रामीणों ने उचित कार्यवाही कर आबादी भूमि निरस्त किये जाने मांग की है7

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 10 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक टोक्का गोटा के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती शांती गोटा को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतिका अनिता कुरसम के निकटतम वारिस उनके पति श्री नरसैया कुरसम, मृतिका प्रतिमा कोरसा के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बन्डे कोरसा को 4-4 लाख रूपए एवं आग में जलने से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतक अशोक बिस्वास के निकटतम वारिस उनकी पुत्री कृतिका बिस्वास, मृतिका बसंती बिस्वास के निकटतम वारिस उनकी पुत्री कृतिका बिस्वास को 4-4 लाख रूपए कुल 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

### स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की हुई बैठक



**भखारा, 10 जुलाई।** स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण की मासिक बैठक ग्राम पंचायत जोरातराई के सभा हाल में रखा गया था जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया जिसमें गांव को स्वस्थ एवं स्वच्छता रखने का पुरजोर प्रयास किया गया एवं समिति द्वारा हर महिला सदस्य को एक पेड़ लगाने का निर्णय लिया गया एवं मौसम को देखते हुए मलेरिया,बुखार,टाइफाइड,उल्टी दस्त को ध्यान में रखते हुए उचित दवाइयां का प्रयोग कराने का निर्णय लिया गया उक्त बैठक में परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरुद,अन्नपूर्णा साहू एमपी,मितानिन ललित साहू, राधा पाल,निर्मला निषाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखवती साहू,हेमा वैष्णव,कमलेश मिश्रा एवं समिति के सदस्य गण फुलबासन सेन,लक्ष्मी साहू,किरण साहू आदि उपस्थित रही।

# नक्सलियों के नाम पर पूरे नड़पल्ली गांव के आदिवासियों को रात 4 बजे थाना लाकर प्रताड़ित करना दुर्भाग्यजनक: बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर , 10 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस का छः सदस्यीय जाँच दल मंगलवार को नडपल्ली गांव में ग्रामीणों के साथ हुए पुलिसिया अत्याचार की जाँच हेतु गया और ग्रामीणों से मिलकर संपूर्ण घटना की जानकारी जांच दल ने लिया है। वापस ज़िला मुख्यालय बीजापुर आकर जांच दल ने प्रेस वार्ता आयोजित किया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जांच दल के संयोजक एवं बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि नडपल्ली गांव के ग्रामीणों ने जांच दल को बताया कि 5 जुलाई की देर रात सुरक्षा बलों ने पूरे नडपल्ली गांव को घेर लिया और गांव के बुजुर्ग और महिलाओं की छोड़कर 95 लोगों को रात 4 बजे पुलिस थाने उसूर लाया गया जिनमे पढ़ाई करने वाले छात्र, किसान, बीमारी से पीड़ित मरीज़ शामिल थे बाद में कुछ लोगों को छोड़ दिया गया। लखेश्वर बघेल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रात 4 बजे ग्रामीणों को थाना लाया जाना दुर्भाग्य जनक है, यह अपने आप में ऐसी पहली घटना होगी जिसमें पुलिस ने पूरे गांव वालों को नक्सलियों के नाम पर थाना लाया गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से आदिवासियों पर अत्याचार और प्रताड़ना की घटनायें बढ़ी है जिस तरह से नडपल्ली गांव के लोगों को पुलिस थाने में लाकर प्रताड़ित किया जा रहा है इससे तो यही लगता है कि नक्सलियों की आड़ में भाजपा सरकार षड्यंत्रपूर्वक आदिवासियों को ख़त्म करना चाहती है। 15 दिन पहले ढ्रश्नष्ठ ब्लास्ट में अपने दोनों पैर खो देने वाली महिला का ज़िक्र करते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि जिस महिला ने ढ्रश्नष्ठ ब्लास्ट में अपने दोनों पैर गवाईं है पुलिस उसी के बेटे को नक्सली बता कर उठा रही है इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है।

लखेश्वर बघेल ने आगे कहा कि भाजपा सरकार को यह बताना चाहिए कि ऐसी कौन सी मुसीबत आ रही थी कि पुलिस ने रात 4 बजे पूरे गांव के लोगों को उठाकर थाने ले आई है? जबकि पुलिस थाना और नडपल्ली गांव के इर्द गिर्द सुरक्षा बलों के दो कैम्प भी है। आख़िर नक्सलियों के आड़ में आदिवासी कब तक प्रताड़ित होते रहेंगे? भाजपा सरकार एक तरफ़ कहती है कि अब नक्सली ख़त्म हो गए है और वही दूसरी तरफ़ नक्सलियों के नाम पर पूरे गांव वालों को उठा लिया जाता है। लखेश्वर बघेल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ज़रूर आदिवासी है लेकिन प्रदेश का आदिवासी ही सुरक्षित नहीं है। लखेश्वर बघेल ने प्रेस वार्ता में कहा कि इस पूरे मामले को लेकर सड़क से सदन तक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी आगामी विधान सभा सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि नक्सलियों के नाम पर लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर आदिवासी अब अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है भाजपा सरकार के पास आदिवासियों के लिए कोई योजना नहीं है और कोई नीति नहीं है। भाजपा सरकार के छः माह के शासन में उसकी कथनी और करनी को समझा जा सकता है भाजपा वास्तव में आदिवासी विरोधी है जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से लगातार आदिवासी ही प्रताड़ित हो रहे है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिनांक 8/7/2024 को बीजापुर ज़िले के उसूर थाना अंतर्गत नडपल्ली गांव में हुए पुलिसिया अत्याचार की जाँच हेतु छः सदस्यीय जाँच दल का गठन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया था जिसमें बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक बनाया गया था। और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे प्रदेश महामंत्री, शंकर कुड़ियम अध्यक्ष ज़िला पंचायत बीजापुर एवं लालू राठौर अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी आदि को जाँच दल का सदस्य बनाया गया था। प्रेस वार्ता के दौरान ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य बसंतराव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, वरिष्ठ कांग्रेसी कामेश्वर गौतम, सुखदेव नाग, मनोज अवलम, महेश बेलसरिया, सुनील उद्दे, पुरुषोत्तम खत्री, के. जी. सत्यम, जितेंद्र हेमला, राजू गांधी, गिरधारीलाल राठी, बाबूलाल राठी और उतालिंगा राम के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 11 जुलाई से शुरू होगा जनसमस्या निवारण शिविर, सभी विभाग तैयारी कर लें पूरी:कलेक्टर



**रायगढ़, 10 जुलाई।** जिले में 11 जुलाई से जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होने जा रहे हैं। इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता होगी। सभी विभाग प्रमुख इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें। लोगों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही उन्हें शासन की जन हितैषी योजनाओं से जोड़ने के लिए सर्वे करने का काम पूरा कर लिया जाए। उक्त बातें कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री गोयल ने लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के लिए प्राप्त आवेदन व उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों को निर्धारित किए गए समय-सीमा के अंदर आवेदन को सेवा का लाभ पहुंचाना है। अतः सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में इसकी समीक्षा करें। समय-सीमा के बाहर आवेदन पेडिंग नहीं रहने चाहिए। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट में प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार हर हफ्ते दर्ज होने वाले प्रकरणों को मॉनिटर करें, जिससे उसके लिए निर्धारित समय के अंदर वह प्रकरण निराकृत किया जा सके। यह राजस्व अधिकारियों के लिए सर्वो'च प्राथमिकता का काम है। इसी प्रकार सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण व समाधान कारक निराकरण होना चाहिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम व नगरीय निकाय के सीएमओ को अपने शहर का निरीक्षण कर वहां नालियों व चौक-चौराहों की सफाई व शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा। शहरी आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। केसीसी प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्य व उद्यानिकी के केसीसी प्रकरणों को भी जल्द निराकृत किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित विभागीय जांच व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग के काम की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीडीएस बारदाना जमा करने के काम में तेजी लाने के लिए कहा। पर्यावरण व परिवहन विभाग को वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाड़ियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। खनिज विभाग को भी अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिन गांवों में हैण्डओवर हो रहा है, वहां नल कनेक्शन वाले हर घरों में पानी पहुंचना सुनिश्चित हो। कही समस्या आ रही है तो वहां सुधार करें। पंचायतों को भी ओव्हर हेड टैंक व मशीन ऑपरेट करने व रख-रखाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्कूलों में शिक्षकों की अटेंडेस करें मॉनिटर, हर महीने बच्चों का मॉक टेस्ट करें आयोजित**

कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूलों में शिक्षकों की डेली अटेंडेंस और समय में उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है या देर से आते है उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी स्कूलों में हर माह यूनिट टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिजल्ट का एनालिसिस करें, जिससे ब'चों के रिजल्ट को सुधारने के लिए आगे की रणनीति तैयार की जा सके। इसके साथ ही पूर्व में दिए निर्देशों के अनुसार स्कूलों में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए भी निर्देशित किया।

## कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर,10 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार 8 जुलाई को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त पोर्टाकेबिन, आश्रम एवं आवासीय संस्थाओं के अधीक्षकों की बैठक लेकर संस्थाओं की व्यवस्थाओं को सुधारने, मध्यान्ह भोजन के मीनू का कड़ाई से पालन करते हुए गुणवत्तायुक्त भोजन निर्धारित मीनू चार्ट के आधार पर दिए जाने के निर्देश दिए। भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ रसोईयों की व्यक्तिगत स्वच्छता, एप्रेन, कैप लगाकर भोजन बनाने, रसोई घर की स्वच्छता सहित संस्था के परिसर एवं कक्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। बारिस का मौसम शुरू हो गया है परिसर में झाड़ियों की कटाई, पानी की पर्याप्त निकासी, पानी का जमाव बिल्कुल न हो इसका गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी आवासीय संस्थाओं में मच्छरदानी का अनिवार्यतः उपयोग, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मलेरिया जांच सहित मौसमी बीमारियों का रोकथाम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संस्थाओं में बेहतर व्यवस्थाओं के साथ बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।बच्चों से मिलने आने वाले पालकों के लिए रविवार के दिन अलग कक्ष स्थापित करें जहां पालक अपने बच्चों से मिल सके और न्यौता भोज कराते हुए पालकों को भी संस्थाओं में भोजन कराने के निर्देश दिए। भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन करने संस्थान से अध्ययन कर सफल हुए लोगों को संस्था में बुलाकर बच्चों को प्रेरित करने उनके अंदर सकारात्मक विचारधारा पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को प्रोत्साहित करने का भी कार्य करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने कहा कि स्वयं के द्वारा एवं नामजद जिला अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं की नियमित निरीक्षण की जा रही है। कही भी अव्यवस्था दिखने पर संबंधित के ऊपर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. आनंद सिंह सहित समस्त प्राचार्य एवं अधीक्षकगण उपस्थित थे।

## छात्रों के टीसी में डीईओ-बीईओ या किसी अन्य अधिकारी के काउंटर हस्ताक्षर की जरूरत नहीं :कलेक्टर



**रायगढ़, 10 जुलाई।** जिला प्रशासन के संज्ञान में यह बात आयी है कि स्कूल से टीसी ले रहे छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में डीईओ-बीईओ या अन्य अधिकारियों के काउंटर साईन की आवश्यकता बतायी जा रही है। समय-सीमा की बैठक के दौरान यह मामला प्रकाश में आने पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र के ट्रांसफर सर्टिफिकेट में किसी भी शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी या कलेक्टर, एसडीएम अथवा किसी अन्य अधिकारी के काउंटर सिग्नेचर की कोई आवश्यकता नहीं होती है। स्कूल के प्राचार्य द्वारा जारी किया गया टीसी पर्याप्त होता है। इसलिए पालकों को अनावश्यक परेशान होकर जिला शिक्षा कार्यालय अथवा अन्य कार्यालयों में भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल से जारी होने वाले टीसी में छात्र के यूडाईस कोड और यूनिक कोड दर्ज करना अनिवार्य है। उन्होंने स्कूलों में प्राप्त होने वाले टीसी के सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्रों को उनके ट्रांसफर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगे कहा कि छात्रों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट जारी किए जाने की सुविधा को लोक सेवा गारंटी के तहत शामिल किया गया है। शिक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करें।

लोकसेवा केन्द्र /चॉईस सेंटर से टीसी के लिए ऑनलाईन कर सकते है आवेदन, 15 दिन के भीतर जारी होगा सर्टिफिकेट

छात्रों को ट्रांसफर सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने की सुविधा लोकसेवा गारंटी का भी हिस्सा है। इसके अंतर्गत आवेदन करने के 15 दिन के भीतर छात्र को उसकी टीसी जारी करनी होती है। छात्रों एवं उनके पालकों के लिए यह एक सुविधाजनक पहल है जिसका लाभ उन्हें जरूर लेना चाहिए। इसके लिए अपने नजदीकी लोकसेवा केन्द्र/चॉईस सेंटर में जाकर छात्र अथवा उनके पालक आवेदन पत्र, अंकसूची, नोड्यूज के साथ टीसी के लिए अप्लाई कर सकते है। आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रकरण का निराकरण कर छात्र का टीसी जारी किया जाएगा।

### कुश्ती आयोजन के लिये समिति गठित

**रायगढ़, 10 जुलाई।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए कुश्ती खेल आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष तथा डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर, डीएमसी श्री नरेन्द्र चौधरी, मोतीमहल रायगढ़ श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री दिनेश जायसवाल, श्री बलबीर शर्मा, श्री राजानंद यादव, श्री श्याम सिंह सोनी, कुमारी भाविका पाण्डेय, श्री जयकुमार यादव तथा श्री श्याम गुप्ता को सदस्य बनाये गये है।

## 13 जुलाई को आयोजित होगा जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



**बीजापुर,10 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव व्यापक स्तर पर आयोजित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन करने नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपा गया। शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही 13 जुलाई को वन महोत्सव का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना ÷एक पेड़ मॉ के नाम पर जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए दिशा-निर्देश दिए।आजादी के पर्व 15 अगस्त के अवसर पर जिले के 5 हजार घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। जिसकी तैयारी की समीक्षा बैठक के दौरान की गई। जिले के विकास कार्यो में तेजी लाने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों से वस्तुस्थिति से अवगत होकर विकास कार्यो, निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं समय-सीमा को विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिया गया।बैठक में डीएफओ सामान्य श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय-निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

## जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का करें शत-प्रतिशत निराकरण:कलेक्टर



**रायगढ़, 10 जुलाई।** मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना है। अतः सभी अधिकारी जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित करें। रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 संजय नगर के रहवासी बरसात का पानी घरों में घुस जाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि संजय नगर आईटीआई, सिंधी कालोनी, अम्बेडकर आवास एवं इंडस्ट्रीयल एरिया का बरसात का पानी संजय नगर रेलवे किनारे जमा हो जाता है। जिसकी वजह से रेलवे से लगे मोहल्ले में बरसात का पानी घरों में घुस रह रहा है। अगर इसका त्वरित उपाय नहीं होता है तो आगे यहां आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुक्त नगर निगम को उक्त मोहल्ले में जाकर सर्वे करने एवं इसका त्वरित उपाय करने के निर्देश दिए है। ग्राम-सरडामाल की मां बंजारी महिला स्व-सहायता समूह मत्स्य पालन का ठेका प्रदाय करने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाए जुड़ी हुई है और वे ग्राम-बोकरामुड़ा स्थित टार तालाब में मत्स्य पालन का कार्य करना चाहती है ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। कलेक्टर श्री गोयल ने सहायक संचालक मछली पालन को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

78 वर्षीय महिंगल साव तीन माह से वृद्धापेंशन नहीं मिलने के कारण जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वृद्धापेंशन के सहारे ही उनका जीवन-यापन चल रहा था, लेकिन बीते 3 माह से पेंशन की राशि अप्राप्त होने से उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह शांतिनगर लैलूंगा से महेश श्रीवास विकलांग सहायता राशि की मांग को लेकर यहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जब से वे लकवा ग्रस्त हुए है तब से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है और वे कही भी बाहर जाकर रोजी-मजदूरी नहीं कर पा रहे है। वे घर में ही एक छोटा सा राशन दुकान खोलना चाहते है जिसके लिए उन्हें विकलांग सहायता राशि की जरूरत है, ताकि उसी दुकान के सहारे वे अपना एवं परिवार का पालन पोषण कर सके। ग्राम-महापल्ली के रोशन प्रधान मोटराइज्ड ट्राइसायकल की मांग को लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि काम के दौरान उनका एक पैर कट जाने से वे 80 प्रतिशत विकलांग की श्रेणी में है। जिसकी वजह से उन्हें कही भी आने-जाने एवं परिवार के भरण-पोषण करने में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के माध्यम से उन्हें मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्राप्त हो जाता तो वे बिना सहारे कही भी आना-जाना कर सकेंगे और अपने परिवार का पालन-पोषण कर पायेंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित अधिकारी को प्राप्त आवेदनों पर यथाशीघ्र कार्यवाही तथा योजनाओं के लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी तरह आज के जनदर्शन में अन्य लोग भी अपनी विभिन्न समस्याएं जैसे गरीबी रेखा के राशन कार्ड, पानी, आवास, स्कूल फीस, टीसी सहित अन्य मुद्दों के साथ शासकीय योजनाओं से संबंधित लाभ दिलाए जाने हेतु आवेदन किया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानपुर स्कूल में नेवता भोज व वृक्षारोपण का किया गया आयोजन



**तिल्दा नेवरा, 10 जुलाई।** विकाशखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला मानपुर (परसदा) में विजय ठाकुर के द्वारा अपने सुपुत्र आराध्य सिंह के जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज प्रथमिक शाला मानपुर में कराया गया जिसमें मुख्य रूप से प्राथमिक शाला परसदा के प्रधानपाठक रमेश वर्मा , किसान मोर्चा अध्यक्ष तिल्दा ग्रामीण विजय ठाकुर, शहर मंडल महामंत्री सौरभ जैन ,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक वर्मा , भाजपा बूथ अध्यक्ष भरत वर्मा, जनपद सदस्य मीना मनोज मरकाम उपस्थित रहे। अतिथियों के उपस्थिति में शाला प्रवेषउत्सव मनाया गया साथ ही बच्चों को अतिथियों ने खाना परोश कर स्नेह प्रकट किया । आयोजन के उप्लक्षय में वृक्षारोपण किया गया साथ ही बच्चों के द्वारा एक पेड़ मेरी माँ के नाम के तहत एक एक पेड़ बच्चों के द्वारा गोद लिया गया ।। कार्यक्रम समापन मानपुर स्कूल के प्रधानपाठक के द्वारा अतिथियों तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त कर किया गया । ग्रामीणों में रामखिलावन साहू, बसंत साहू,जितेंद्र सोनवानी, डिगेश्वर ध्रुव,पार्वती यादव,सुर्जवती विश्वकर्मा,लाल जी सोनवानी डागेश्वर वर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## माओवादी जनताना सरकार सदस्य रामा तेलम गिरफ्तार



**बीजापुर,10 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू के बल द्वारा दिनांक 08/07/2024 को तेलीपेंटा से 01 माओवादी जनताना सरकार सदस्य को पकड़ा गया ।1. रामा तेलम पिता कैया तेलम उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम तेलीपेंटा थाना कुटरू जिला बीजापुर पकड़ा गया माओवादी दिनांक 14/03/2024 को पेठा में एक ग्रामीण के मुखबीरी की शक में हत्या करने की घटना में शामिल था। पकड़े गये माओवादी पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 10 हजार रुपए का ईनाम उदघोषित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

# जिले में शीघ्र शुरू होगा जनसमस्या निवारण शिविर: कलेक्टर

## नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जन समस्या निवारण शिविर जल्द शुरू करने के लिए ग्राम एवं तिथि निर्धारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में समय -सीमा के प्रकरणों सहित विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 13 जुलाई 2024 को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।लोक अदालत के लिए राजस्व न्यायालयो में खंडपीठ का गठन कर दिया गया है। उन्होंने लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकारणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में साफ- सफाई एवं गुणवात्तपूर्ण निर्माण कार्यो पर जोर देते हुए सभी सीएमओ को प्रतिदिन प्रातः नगर में साफ सफाई का जायजा लेने तथा कड़ी निगारनी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालयों की साफ -सफाई, ठोस अपशिष्ट पदार्थो के निपटान की व्यवस्था तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु तैयारी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत शाला भवनों के मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता जाँच अंतरविभागीय समिति से कराएं। जर्ज़र स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर सम्बंधित ग्राम पंचायतों से प्रमाण पत्र लें एवं रिपोर्ट राज्य कार्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने किसी भी जर्ज़र शाला भवन में बच्चों को नहीं बैठाने की सख्त हिदायत जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए जिन हितग्राहियों को तीसरी किश्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है उनके आवास को आगामी अगस्त माह के पहले सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचयतों में सबसे अधिक आवास निर्माण लंबित है वहां प्राथमिकता के आधार पर पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




### एक नजर

### अभाविप नगर इकाई भाटापारा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा



**भाटापारा 10 जुलाई।** विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा इकाई में नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया एवं अतिथियों द्वारा युवाओं छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार कोमल शर्मा जिन्होंने विद्यार्थियों को रामायण का उदाहरण लेकर जीवन के महत्व और युवावस्था बताया ,मुख्य वक्ता बहन राशि त्रिवेदी जी डुड्ड1श्च के उद्देश्य और संगठनात्मक पहलू के विषय जानकारी दी तथा आरएसएस जिला प्रचारक श्री विवेकानंद जी जीवन और अनुशासन के महत्व पर छात्राओं को संबोधित किए एवं पूर्व नगर मंत्री अभिषेक मिश्रा नवीन कार्यकारणी की घोषणा की उपरोक्त उपस्थित हुए ।इस आयोजन में नगर अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ,नगर मंत्री राजीव मिरझा बने एवं इसी प्रकार परिषद् में क्रमशः विभिन्न दायित्व लिया गया और आगे छात्र हित में काम करने का उदघोष किया गया।

### आगजनी की घटना में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 10 जुलाई।** बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम की रणनीति बनाने, प्रदर्शन के लिए अनुमति लेने एवं धरना प्रदर्शन से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों में आयोजक समिति के सदस्य के रूप में शामिल लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा आज दिनांक 09.07.2024 को प्रकरण में शामिल आरोपी गोपी बंदे एवं संदीप कोसले को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी गोपी बंदे भीम क्रांतिवीर का छत्तीसगढ़ में छात्रसंघ प्रदेश अध्यक्ष है, साथ ही संदीप कोसले भीम क्रांतिवीर का उपाध्यक्ष है। कि आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में आज दिनांक 09.07.2024 तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 158 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



### खरीफ फसलों की बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बलौदाबाजार,10 जुलाई।** कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, जलप्लायन, ओलावृष्टि आदि प्रकृक्तिक आपदाओं से किसानों को होने माने नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2024 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित,धान असिंचित एवं अन्य फसल, मक्का, सोयाबीन,अरहर , उड़द एवं कोदो फसल का बीमा करा सकते हैं।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल को प्रतिकूल मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किये जाने वाले ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे।

# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 10 जुलाई।** नगर साहू समाज ने अपनी नई परम्परा के अनुसार रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ की रथ पीछे कर्मा माता की खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाकर भगवान स्वामी जगन्नाथ के साथ भाटापारा रथयात्रा में नगर साहू समाज ने अपनी नई परम्परा के अनुसार रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ को कर्मा माता की खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाकर के पीछे पीछे ही कर्मा माता के रथ से श्रद्धालुओ को कर्मा माता के खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। बताया जाता है कि तीन मार्च एक हजार सत्रह को झांसी में कर्मा नाम की एक तेली जन्मी थी।जो भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं।वह जगन्नाथ पुरी में जाकर भगवान जगन्नाथ को रोज खिचड़ी का भोग लगाती थी।

भगवान जगन्नाथ बाल बनकर रोज कर्मा माता के हाथों से खिचड़ी खाते थे।उसी की याद में नगर साहू समाज भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाकर खिचड़ी प्रसाद को श्रद्धालुओं को बांटता है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद बांटा गया। इस शुभ अवसर पर विधायक इन्द्र साव, जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के संयोजक रवि साहू, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, तहसील उपाध्यक्ष के प्रति निधि कमलेश साहू,मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,तरेगा अध्यक्ष तिहारू साहू, सिंगारपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष राम सागर साहू,मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष सहदेव . साहू, नगर उपाध्यक्ष घनाराम साहू, महिला उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, कार्यकारणी सदस्य तोरण साहू, सचिव मनी राम साहू, कोषाध्यक्ष तिलक साहू,नभ नारायण साहू,लूकू साहू,भागवत साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, पीताम्बर साहू, लोक चंद साहू, पीला राम साहू,फलेश साहू, डाक्टर सुन्दर साहू, मन्ना साहू, राधेश्याम साहू,नीरा देवी साहू,सती साहू, प्रमिला साहू, हेमन्त साहू, प्रवीण साहू, रामचंद्र साहू, हरिकिशन साहू, राजकुमार साहू, सुरेश साहू, प्रमिला साहू, कमला साहू, जनपद पंचायत सदस्य चंद्र प्रकाश साहू, भंवर सिंह साहू आदि अनेक सामाजिक व्यक्तियों की गरिमा मयी उपस्थिति रही।



# अभाविप के रितेश जायसवाल अध्यक्ष व मलय साहू नगर मंत्री बने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 10 जुलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन का 9 जुलाई को स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है ! इसी तारतम्य में अभाविप कसडोल इकाई के कार्यकर्ताओ द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया , साथ ही नवीन कार्यकारणी की घोषणा भी की गई। कसडोल इकाई की बैठक नगर के साहू धर्मशाला भवन में आयोजित किया गया जहाँ मुख्यवक्ता संगठन के विभाग संयोजक राधेश्याम साहू एवं अध्यक्षता जिला संयोजक उदित भारद्वाज व पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र डड़सेना की उपस्थित में संपन्न हुई। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी माँ सरस्वती व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र में पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि स्वागत पश्चात मुख्यवक्ता विभाग संयोजक राधेश्याम साहू द्वारा अभाविप स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला गया। ततपश्चात पूर्व नगर अध्यक्ष नरेंद्र डड़सेना द्वारा अभाविप कसडोल इकाई द्वारा पूर्व में किये गए कार्यो का वृत्त रखा गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला संयोजक उदित भारद्वाज द्वारा नवीन कार्यकारणी का घोषणा किया गया।

अभाविप कसडोल के नवीन कार्यकारणी में नगर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, नगर मंत्री मलय साहू, सहमंत्री द्वय कु फाल्गुनी सोनी, अभिषेक नवरंगे, महाविद्यालय प्रमुख युवराज साहू, विद्यालय प्रमुख कु. याचना पटेल, एस एफ डी प्रमुख सुनील कुमार, सह एस एफ डी प्रमुख नवीन निराला, एस एफ एस प्रमुख दुष्यंत, सह एस एफ एस प्रमुख तनीषा पैकरा, आर के एम प्रमुख शेषनारायण वर्मा, सह आर के एम प्रमुख कु बिंदु पैकरा, सोशल मीडिया प्रमुख कु प्रकृति जायसवाल, एन एस एस प्रमुख फुलेश्वरी बंजारे, सह एन एस एस प्रमुख हरीश पटेल नगर कार्यकारणी सदस्य कु ईशा वैष्णव को नवीन जिम्मेदारी मिली है। गठन पश्चात अतिथियों द्वारा कसडोल इकाई के सभी दायित्वान कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गई। राजनीति की प्रथम पाठशाला है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ! अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद , छात्रों को स्कूल -कॉलेज के दिनों में ही उन्हें नेतृत्व गुण सीखने का अवसर प्रदान करता है ! इसके सभी पदाधिकारी को मैं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं !



# प्रशासन ने रुकवाया नाबालिगों का विवाह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में तहसील सिमगा के एक ही गाँव के 6 नाबालिग का विवाह रोककर बाल अधिकार का संरक्षण किया गया।मौके पर ज़िला पंचायत सदस्य श्री रमेश घृतलहरे, ग्राम सरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण इकाई, पर्यवेक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पुलिस बल एवं अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सिमगा की टीम तत्काल सक्रिय होकर मौके पर पहुंची। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नाबालिगों के पलकों को नियम-कानून से अवगत कराया गया एवं इस अपराध तथा बाल अधिकार के हनन को रोकने 8 जुलाई की देर रात तक प्रयास किया गया। इसके पश्चात 9 जुलाई 2024 को पालकों को समझाइश दिया गया तथा सभी 6 नाबालिग जोड़ों के पलकों से शपथ पत्र भरवाया गया जिससे कि बालिका का 18 वर्ष के पूर्व एवं बालक का 21 वर्ष से पूर्व विवाह नही करवाया जावेगा अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# राजस्व पखवाड़ा में 5417 आवेदनों का किया जा चुका है निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,10 जुलाई।** राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में अब तक कुल 5787 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 5417 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही बचे हुए 370 आवेदनों को समय-सीमा में दर्ज किया गया। जिसमें बी-1 पठन 4, फौती नामांतरण-138, बंटवारा-33, अभिलेख त्रुटि सुधार-57, किसान किताब-103, आरबीसी.6-4 के 2, आय,जाति, निवास-5225, एवं अन्य-229 आवेदन शामिल है। इसी तरह राजस्व पखवाड़ा के तहत आज शिविरों में कुल 248 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 164 आवेदनों का निराकरण किया गया एवं 84 आवेदनों को समय-सीमा में दर्ज किया गया है। प्राप्त आवेदनों में तहसील बलौदाबाजार-132, लवन-3, पलारी- 16, भाटापारा-9, सिमगा-4, सुहेला-3, कसडोल-32, टुण्डरा-46 एवं सोनाखान-49 आवेदन शामिल है। जिसमें से तहसील बलौदाबाजार-132, सुहेला-3, कसडोल-29 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उक्त शिविर में राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित पटवारी, कोटवार, सरपंच सचिव भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले के 88 ग्राम पंचायतों में 1 से 15 जुलाई तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 10 जुलाई को विशेष शिविर का होगा आयोजन राजस्व पखवाड़ा शिविर 10 जुलाई को चांपा, डोंगरा,दतरेंगी, खैरी, औरेठी,रावन, छरछेद, बिलारी(ज) में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा।



### आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत लवन एकीकृत बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर भर्ती की जाएगी। जिसमें आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए चिचिरदा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-3 को संशोधित कर चिचिरदा आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-1 के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।


+91-7856-252240
+91-7856-252475
ee.dantewada@nic.in

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

**मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना**

नि.क्र.03/व.ले.लि./24-25 — दन्तेवाड़ा, दिनाँक 06/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत ''द'' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि:- 15.07.2024**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | दन्तेवाड़ा बचेली किरन्दुल मार्ग के कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार से दन्तेश्वरी माई जी मंदिर के मुख्य द्वार तक फुटपाथवे निर्माण कार्य लंबाई 200 मी. (भाग-01) | 9.88 |
| 2 | दन्तेवाड़ा बचेली किरन्दुल मार्ग के कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार से दन्तेश्वरी माई जी मंदिर के मुख्य द्वार तक फुटपाथवे निर्माण कार्य लंबाई 200 मी. (भाग-02) | 10.27 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेवाड़ा

जी- 242500943/4


### बाढ़ नियंत्रण को लेकर कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**बलौदाबाजार, 10 जुलाई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज बाढ़ आपदा नियंत्रण की पूर्व तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा किए। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों एवं बाढ़ तथा प्राकृतिक आपदा से सम्बंधित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सोनी ने जिला एवं तहसील स्तर में स्तर बाढ़ नियंत्रण नोडल अधिकारी नियुक्त करनें के निर्देश दिए है। साथ ही सभी एसडीएम को वर्षामापी यंत्र को दूरस्त करनें,राहत शिविरों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हाकन कर पूर्व से तैयारी करनें के निर्देश देते हुए समन्वय का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है। इसके साथ ही कन्ट्रोल रूम के नम्बर-07727-222545 को मुनादी एवं अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**
**ईश्तहार**

ई-कोर्ट नं. 202407092300013
वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधाबाई बंजारे पति डेरहाराम बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम बसंतपुर तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री रूखमणी बाई पिता डेरहाराम का दिनांक 25.02.2008 में ग्राम में मृत्यु हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत मुसराकला के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है,। आवेदक द्वारा अपने माता सुहाता बाई पति सदाराम ठाकुर का दिनांक 01.05.1997 में ग्राम बसंतपुर में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रमांक- 202406092100075
अ/ 6 (अ) वर्ष 2023-24

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मकुन्द पिता जयराम जाति मोची निवासी ग्राम अंडी द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक मकुन्द के पत्नि अमरिका बाई के नाम से ग्राम अंडी स्थित भूमि ख.न. 474/8 रकबा 0.18 एकड़ स्थित है जो कि ऋण पुस्तिका में दर्ज है किन्तु ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज नहीं है जिसके कारण कृषि कार्य करने में कठिनाई हो रही है। उक्त भूमि को ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.07.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर) तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**
**ईश्तहार**

ई-कोर्ट नं. 202407092300011
वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया ठाकुर पिता सदाराम ठाकुर जाति गोड निवासी ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता सुहाता बाई पति सदाराम ठाकुर को दिनांक 01.05.1997 में ग्राम मुसराकला में मृत्यु हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत मुसराकला के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता सुहाता बाई पति सदाराम ठाकुर का दिनांक 01.05.1997 में ग्राम मुसराकला में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**
**ईश्तहार**

ई-कोर्ट नं. 202407092300010
वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक माखनलाल पिता स्व0 चेतन लाल जाति लोधी निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता ज्योत पति स्व0 चेतन लाल का दिनांक 14.05.2012 में ग्राम कातलवाही में मृत्यु हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत कातलवाही के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता ज्योत पति स्व0 चेतन लाल का दिनांक 14.05.2012 में ग्राम पंचायत कातलवाही में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.07.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

**कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**
दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक/748/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 — गीदम, दिनाँक 10/07/2024

**मैन्युअल पद्धति से निविदा आमत्रंण सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत सक्षम श्रेणी अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं तीन-लिफाफा पद्धति से केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत / रजिस्ट्री डाक के माध्यम से निम्नानुसार दर में आमंत्रित की जाती है, प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक आवेदन शुल्क 100/- रुपये के साथ आवश्यक दस्तावेज की सत्यापित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित तिथि व समय में आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते हैं:-

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय — 22.07.2024 समय 5.00 बजे
2 निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि एवं समय — 24.07.2024 समय 5.30 बजे
3 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय — 30.07.2024 समय 5.00 बजे
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय — 01.08.2024 समय 11.00 बजे

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | विवरण | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोनल निविदा (प्रत्येक कार्य के लिए प्राक्कलित राशि रू. 1.00 लाख तक के कार्य) वित्तीय वर्ष 2024-25 अध्यक्ष /पार्षद/एल्डरमेन/मरम्मत संधारण मद/निकाय मद | 30.00 | 22500.00 | 750.00 |
| 2 | टेन्ट एवं साउण्ड सिस्टम किराये में प्रदाय करने का कार्य | 10.00 | 3800.00 | 750.00 |
| 3 | पेयजल सामग्री क्रय एवं पम्प मरम्मत कार्य | 15.00 | 11500.00 | 750.00 |
| 4 | विद्युत सामग्री | 10.00 | 7500.00 | 750.00 |
| 5 | नलकूप खनन कार्य | 15.00 | 11500.00 | 750.00 |
| 6 | स्वच्छता सामग्री क्रय | 10.00 | 7500.00 | 750.00 |
| 7 | बैनर, पलैक्स प्रकाशन कार्य | 5.00 | 3800.00 | 750.00 |
| 8 | स्टेशनरी सामग्री क्रय कार्य | 5.00 | 3800.00 | 750.00 |
| 9 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 10.33 | 7800.00 | 750.00 |

**टीपः**-निविदा से संबंधित समस्त नियम एवं शर्त अन्य आवश्यक जानकारियां कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत गीदम से प्राप्त की जा सकती है तथा जिला दंतेवाड़ा/विभागीय वेबसाईट https://dantewada.nic.in/www.uad.cg.gov.in से देखें व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत-गीदम
जिला द.ब. दंतेवाड़ा(छ.ग.)

